
हरिभूमि की खबर पर मुहर

छत्तीसगढ़ को मिल सकता है नया डीजी, अरुण देव रेस में आगे

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com    रायपुर, बुधवार 5 फरवरी 2025

# अशोक रिटायर, अरुण देव बने छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी, जीपी सिंह भी हुए डीजी प्रमोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के सीनियर आईपीएस अधिकारी अरुण देव गौतम को प्रभारी डीजीपी नियुक्त किया गया है। मंगलवार को गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल 3 फरवरी को समाप्त हो गया था। उसके बाद से ही माना जा रहा था कि श्री गौतम को राज्य का डीजीपी बनाया जा सकता है।

## गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

### वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ निभाएंगे जिम्मेदारी

अरुण देव गौतम की डीजीपी के पद पर नियुक्ति आदेश में कहा गया है कि अरुण देव गौतम महानिदेशक नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा एवं अतिरिक्त प्रभार संचालक लोक अभियोजन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ पुलिस महानिदेशक (पुलिस बल प्रमुख) का कार्यभार सौंपा जाता है। वे छत्तीसगढ़ के 12वें डीजीपी होंगे।







### आर्म्ड फोर्स के रहे हैं प्रभारी

अरुण देव गौतम छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स के प्रभारी भी रहे हैं। वह बिलासपुर रेंज के आईजी भी रह चुके हैं। 2009 में राजनांदगांव में नक्सली हमले में 29 पुलिस कर्मियों के बलिदान के बाद उन्हें राजनांदगांव का एसपी बनाया गया। झीरम घाटी नक्सली हमले में कांग्रेस नेताओं की हत्या के बाद अरुण देव गौतम को बस्तर आईजी बनाया गया था। डीआईजी बनने के बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स, सीआईडी, मुख्यमंत्री सुरक्षा, योजना, प्रशासन में महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं।

वहीं अशोक जुनेजा के रिटायर होने के बाद डीजी का एक पद रिक्त हो गया। इसी बीच एडीजी जीपी सिंह को पदोन्नति देकर डीजी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के डीजीपी रहे अशोक जुनेजा का कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो गया था। उन्हें 2 बार सेवा विस्तार मिल चुका था। छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी की रेस में अरुण देव गौतम का नाम सबसे आगे था। इसके अलावा पवन देव और हिमांशु गुप्ता का नाम भी रेस में शामिल था, लेकिन अंतिम फैसला अरुण देव गौतम के नाम पर हुआ है।

### कौन हैं अरुण देव गौतम

*अरुण देव गौतम 1992 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस हैं। वे कोरिया, रायगढ़, जशपुर, राजनांदगांव, सरगुजा और बिलासपुर में अपनी सेवा दे चुके हैं। इसके अलावा अरुण देव गौतम सचिव गृह विभाग और ओएसडी भी रह चुके हैं। उनका जन्म 2 जुलाई 1967 को हुआ है। मूलतः उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। राजनीति में एमए किया है। 12 अक्टूबर 1992 को उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा में नौकरी शुरू की। वे 6 जिलों के एसपी रह चुके हैं। उनको संयुक्त राष्ट्र पदक के अलावा सराहनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2010 में भारतीय पुलिस पदक और 2018 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।*

### एडीजी जीपी सिंह बने डीजी

*कैट के रास्ते सेवा बहाली के बाद जीपी सिंह एडीजी से डीजी भी प्रमोट हो गए हैं। अशोक जुनेजा के रिटायर होते ही डीजीपी के एक रिक्त पद के लिए मंगलवार को डीपीसी की बैठक हुई, इसमें एडीजी जीपी सिंह को डीजी प्रमोट करने की अनुशंसा की गई। इस संबंध में आधिकारिक आदेश जल्द जारी किया जाएगा। राज्य में डीजी के दो कैडर और दो एक्स कैडर पोस्ट हैं, इनमें अशोक जुनेजा, पवन देव, अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता थे। अशोक जुनेजा रिटायर होने के बाद डीओपीटी ने रिक्त होने वाली एक कैडर पोस्ट के लिए राज्य शासन को डीपीसी करने के निर्देश दिए थे। डीपीसी की बैठक में जीपी सिंह को डीजी प्रमोट करने की अनुशंसा कर दी गई।*

## खबर संक्षेप

### अमित शाह कल जाएंगे डोंगरगढ़




**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। डोंगरगढ़ में आचार्य विद्यासागर की पुण्यतिथि पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वापस दिल्ली लौट जाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा भी शामिल होंगे। तय कार्यक्रम ▶▶| शेष पेज 6 पर

### विमान में बम होने की सूचना गलत निकली



**चेन्नई।** चेन्नई हवाई अड्डे पर एक अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनी के विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद प्राधिकारी सतर्क हो गए। हालांकि जांच के बाद यह सूचना गलत निकली। अधिकारियों को विमान में बम होने की सूचना फोन पर मिली थी। उन्होंने बताया कि विमान में 237 यात्री सवार थे। विमान को सुरक्षित उतारा गया जिसके बाद उसकी गहन जांच की गई।

### कुनो की वीरा ने दो शावकों को दिया जन्म



**भोपाल।** श्योपुर जिले के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता वीरा ने मंगलवार को दो शावकों को जन्म दिया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यह जानकारी दी। इन शावकों के जन्म के साथ ही उद्यान में अब चीतों की संख्या 26 हो गयी है, जिनमें 14 शावक शामिल हैं। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मध्यप्रदेश की 'जंगल बुक' में दो चीता शावक शामिल हुए हैं।

### फिल्म सेट पर झुलसे अभिनेता सूरज पंचोली

**मुंबई।** अभिनेता सूरज पंचोली अपनी आगामी फिल्म के एक एक्शन दृश्य को फिल्माते समय मंगलवार को झुलस गए। सूरज के पिता और अभिनेता आदित्य पंचोली ने यह जानकारी दी। सूरज पंचोली यहां फिल्म सिटी में 'केसरी वीरः लीजेंड ऑफ सोमनाथ' नामक एक फिल्म के लिए स्टंट शूट के दौरान 'गंभीर रूप से झुलस' गए।

## राज्य के तीन शहरों में चल रही कार्रवाई, रायपुर में हो रहे नए खुलासे, पैसा विदेश भेजा गया

# छत्तीसगढ़ बना म्यूल अकाउंट का हब, साइबर जालसाजों ने खड़ी की कंपनी, 5000 खाते ब्लॉक

**साइबर ठगी की घटना को अंजाम देने वाले जालसाजों के लिए मनी पार्किंग करने छत्तीसगढ़ सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। केंद्रीय गृहमंत्रालय की रिपोर्ट पर रायपुर के साथ दुर्ग, राजनांदगांव साइबर पुलिस ने म्यूल अकाउंट के माध्यम से पिछले दो माह के भीतर 500 करोड़ रुपए से ज्यादा साइबर ठगी की रकम छत्तीसगढ़ के अलग-अलग लोगों के बैंक अकाउंट के माध्यम से ट्रांसफर होने का खुलासा किया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/राजनांदगांव

खास खबर

रायपुर में बाकायदा जालसाजी का पैसा ठिकाने लगाने कंपनी बनाई गई थी। साइबर जालसाजों की रकम सुरक्षित करने कंपनी बनाने का देश में संभवतः पहला मामला है। एएसपी क्राइम संदीप मित्तल के अनुसार रायपुर के विभिन्न बैंकों में खोले गए पांच हजार से ज्यादा संदिग्ध म्यूल अकाउंट की पहचान कर ब्लाक कराने का काम किया गया। इनमें कई ऐसे बैंक अकाउंट हैं, जिसमें खाता धारक का नाम तो है, लेकिन धरातल पर उसके बारे में बैंक अफसरों तक को जानकारी नहीं है।

साइबर पुलिस ने रायपुर के साथ दुर्ग तथा राजनांदगांव में कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ के रास्ते ठगों के अकाउंट में विदेश में पैसा ट्रांजेक्शन होने के प्रमाण मिले हैं। म्यूल अकाउंट मामले में रेंज साइबर पुलिस चार बैंक कर्मी सहित अब तक 70 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी तरह से ▶▶| शेष पेज 6 पर

### फर्जी कंपनी खोलकर 429 करोड़ ठिकाने लगाए

देश के अलग-अलग राज्यों में ऑनलाइन ठगी की घटना को अंजाम देने वाले जालसाजों की रकम को ठिकाने लगाने दिल्ली के शातिर संदीप रात्रा तथा रायपुर निवासी राजवीर सिंह ने धमतरी रोड स्थित प्रोग्रेसिव पाइंट में सीए की मदद से क्रोमा शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी के नाम से फर्जी कंपनी खड़ी की। फर्जी कंपनी खोलने के बाद जालसाजों ने अलग-अलग लोगों के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाकर देश के अलग-अलग राज्य से साइबर ठगी के 429 करोड़ रुपए अकाउंट में ट्रांसफर कराए। इसके बाद उन ठगी की रकम को ▶▶| शेष पेज 6 पर


साइबर के जालसाजों ने विदेश भेजे थे 429 करोड़ रुपए, दो और गिरफ्तार

ट्रांजेक्शन, दो करोड़ रुपए होल्ड किए गए

सीए की मदद से बनाई कंपनी

14 ठगी की रकम ट्रांसफर करने की मिली जानकारी

इन बैंकों के माध्यम से विदेश भेजते थे रकम

ऐसे दी जाती थी मनी पार्किंग की सुविधा

छोटे शहरों में फर्जी कंपनी

### इसलिए लालच में फंस रहे लोग

उस अकाउंट को म्यूल अकाउंट कहा जाता है, जिसमें किसी दूसरे के अकाउंट से मनी लांड्रिंग सहित ठगी की रकम तथा अनैतिक गतिविधियों से प्राप्त रकम का ट्रांजेक्शन किया जाता है। शातिर लोगों को उनके अकाउंट किराए पर लेने के एवज में मोटी रकम कमीशन देने का झांसा देकर खाताधारक के अकाउंट, बैंक पासबुक, चेक के साथ एटीएम अपने कब्जे में लेकर अपने हिसाब से अकाउंट का दुरुपयोग करते हैं।

### कंबोडिया से हो रहा था संचालन



*केंद्रीय गृह मंत्रालय के पोर्टल पर राजनांदगांव पुलिस की सराहना की गई है। राजनांदगांव पुलिस ने एक अभियान चलाकर चार आरोपियों को पकड़ा है। कंबोडिया से फर्जी अकाउंट का संचालन हो रहा था, ऐसे 80 अकाउंट की पहचान की गई है। अब तक 10 करोड़ की ठगी के मामले का खुलासा हुआ है।*

*-मोहित गर्ग, एसपी, राजनांदगांव*

### कंबोडिया के रास्ते चीन भेजी गई रकम

*राजनांदगांव साइबर पुलिस ने ठगी की रकम ट्रांसफर करने के आरोप में श्रेणीक कुमार संघ वी, आशुतोष शर्मा, दीपक तिवारी तथा दीपक नारेडी को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने रूपेश साहू तथा उनके परिवार के लोगों को झांसे में लेकर उनके अकाउंट अपने कब्जे में ले लिया। बैंक में अकाउंट फ्रीज होने पर रूपेश ने इसकी शिकायत पुलिस के पास की। पूछताछ में आशुतोष ने पुलिस को बताया कि वो गुजरात में एक कैसिनो कॉल, स्कैम संचालित होने वाले सेंटर गए थे। वहां उनकी मुलाकत गुजरात में सांघवी से हुई। इसके बाद सांघवी के कहने पर वे लोग कमीशन लेकर ठगी की रकम कंबोडिया के हैंडलरों के माध्यम से चीन भेजते थे। बदले में उन्हें चार से नौ प्रतिशत कमीशन मिलता था।*

तर्रेम-बासागुड़ा थाना क्षेत्र की घटना

## नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर फिर दो ग्रामीणों को मार डाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले में नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। मामला थाना तर्रेम क्षेत्र के ग्राम बुड़गीचेरू का है। नक्सलियों ने धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या को अंजाम दिया गया है।

■ भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने ली हत्या की जिम्मेदारी

एएसपी चंद्रकांत गवर्णा ने बताया कि देर रात माओवादियों ने तर्रेम थाना क्षेत्र के तालाबपारा निवासी कारम राजू (32) तथा बासागुड़ा थाना क्षेत्र के बुड़गीचेरू ▶▶| शेष पेज 6 पर

### अब तक 70 ग्रामीणों की हत्या

*जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए वर्ष 2024 से अब तक 70 से अधिक ग्रामीणों को मौत के घाट उतार चुकी है। नक्सलियों ने बीजापुर जिले में ही दर्जन भर ग्रामीणों की हत्या कर चुके है। इससे पूर्व नक्सलियों ने 21 दिसंबर 2024 को बीजापुर जिले में जनअदालत लगाकर एक ही परिवार के 2 लोगों की हत्या की थी। वहीं 11 दिसंबर 2024 बीजापुर के फरसेगढ़ में 35 साल के युवक पर मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या की थी। 6 दिसंबर 2024 को बासागुड़ा थाना इलाके के तिम्मापुर* ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मुखबिरी करने का आरोप

*गौरतलब है नक्सलियों ने ग्रामीण मुन्ना माड़वी और कारम राजू पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया। उन्हें जनअदालत के नाम पर मौत की सजा सुना दी। इसके बाद नक्सलियों ने दोनों की निर्मम हत्या कर दी। जैसे ही घटना की सूचना पुलिस को मिली, तुरंत सुरक्षा बलों की टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया*

## स्टेडियम तैयार, कल से लीजेंड 90 लीग में भिड़ेंगे दिग्गज



***रायपुर।** राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की मेजबानी में लीजेंड 90 लीग टूर्नामेंट का आगाज 6 फरवरी को होने जा रहा है। इसे लेकर स्टेडियम तैयार हो चुका है। कल से 15 ओवर के मैच में लीजेंड खिलाड़ी क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित करेंगे। स्टेडियम में 16 फरवरी तक लगातार मैच होंगे। 17 को ग्रैंड फिनाले होगा। उद्घाटन समारोह में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और सोनू निगम समेत कई बॉलीवुड सिंगर की भी प्रस्तुति होगी।*

सुबह 7 बजे से मतदान

## दिल्ली में आज 70 सीटों के लिए होगा मतदान

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। साथ ही प्रशासन की तरफ से भी मतदान को लेकर पुख्ता इंतजाम हैं। मतदानकर्मी अपने पोलिंग बूथ पर ईवीएम लेकर पहुंच गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। लाइन में लगे लोगों को 5 बजे के बाद भी वोट देने का मौका मिलेगा। सभी 70 सीटों पर 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### पांच बजे के बाद इन्हें मौका

*अगर शाम 5 बजे के बाद भी कोई वोटिंग लाइन में है, तो उसे वोट डालने दिया जाएगा। दिल्ली में कुल 70 विधानसभा सीटें हैं। इन सभी सीटों पर चुनाव हो रहे हैं।*

शेयर बाजार में उछाल

## निवेशक मालामाल, एक ही दिन में कमाए 6 लाख करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को जबर्दस्त तेजी रहने के बीच निवेशकों की पूंजी एक ही दिन में 5.95 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,397 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 378 अंक का लाभ रहा। विश्लेषकों ने कहा कि कनाडा और मेक्सिको पर उच्च सीमा शुल्क लगाने के फैसले को एक महीने के लिए टाल देने के ट्रंप के निर्णय से शेयर बाजारों में रौनक लौट आई। यह फैसला मंगलवार से ही प्रभावी होने वाला था।

### इन कंपनियों में तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो में करीब पांच प्रतिशत की जोरदार तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा अडाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और एशियन पेंट्स भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### इनमें रही गिरावट

आईटीसी होटल्स, जोमैटो, नेस्ले और मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 3,958.37 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

सरगुजा में चुनाव प्रचार के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने दिया बयान

महंत ने कहा- एक नहीं थे इसलिए हारे

## महंत बोले- टीएस के नेतृत्व में अगला विस चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

नगरीय निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। इस बीच कांग्रेस की ओर से चुनाव प्रचार के लिए विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत सरगुजा पहुंचे। इस दौरान डॉ. महंत से घड़ी चौक पर आम सभा को संबोधित किया। आम सभा के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद छत्तीसगढ़ राज्य के मुकुट सरगुजा संभाग के साथ ही पूरा छत्तीसगढ़ एक हीरे जैसे जनप्रतिनिधि की कमी को महसूस कर रहा है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का नाम लेकर ▶▶| शेष पेज 6 पर



### धनेंद्र बोले- आलाकमान करेगा तय

इधर, इस मामले में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू का बड़ा बयान आया है। यह सारी बातें हाईकमान द्वारा तय की जाती है। अभी विधानसभा चुनाव में चार साल का वक्त बाकी है। अभी से इस संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हाईकमान का जैसा निर्णय होता है उसके अनुसार काम करते हैं।





प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मंगलवार को सीएम योगी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने संगम में डुबकी लगाई और पुण्य लाभ लिया। भूटान नरेश गंगा पूजन और आरती में भी मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने अक्षयवट धाम और लेटे हनुमान में दर्शन-पूजन किया।

# योगी और भूटान नरेश ने लगाई संगम में डुबकी

## गंगा पूजन के बाद किया अक्षयवट का दर्शन

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

योगी और भूटान नरेश के साथ लखनऊ से विमान से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से महाकुंभ आए। अरैल घाट से बोट में सवार होकर संगम गए और स्नान किया। इस दौरान भूटान नरेश ने योगी के साथ पक्षियों को दाना खिलाया और फोटो भी खिंचवाई। महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी से हुई थी। मंगलवार को इसका 23वां दिन है। अब तक 37.54 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं। 4 बजे तक 66.70 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। वसंत पंचमी यानी सोमवार को 2.33 करोड़ लोगों ने स्नान किया।

महाकुंभ में अब तक 37 करोड़ ने किया स्नान

13 जनवरी से हुई थी इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत





### बैलून फटने से 6 श्रद्धालु घायल

प्रयागराज महाकुंभ में बसंत पंचमी स्नान पर्व के दौरान बड़ा हादसा हो गया। सोमवार को सेक्टर 20 के अखाड़ा मार्ग पर हीलियम गैस से भरा हॉट एयर बैलून उड़ान भरने से पहले ही फट गया, जिससे बास्केट में सवार छह श्रद्धालु गंभीर रूप से झुलस गए।

### भगदड़ की अफवाह, 8 पर केस दर्ज

प्रयागराज पुलिस ने 29 जनवरी को महाकुंभ में भगदड़ की अफवाह फैलाने वाले 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह सभी लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वीडियो और तस्वीरें पोस्ट कर भ्रम फैला रहे थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कुंभ में किसी भी प्रकार की भगदड़ की घटना नहीं हुई थी।

## खबर संक्षेप

### कुंभ भगदड़ : इतना बड़ा कुछ भी नहीं हुआ



**मथुरा।** भाजपाकी सांसद और बॉलीवुड कलाकार हेमा मालिनी ने महाकुंभ में भगदड़ की घटना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि महाकुंभ 2025 इतने लोग आ रहे हैं कि मैनेज करना मुश्किल है लेकिन फिर भी योगी सरकार अपना बेस्ट कर रही है। ये घटना घटी जो सही बात है लेकिन इतना बड़ा कुछ नहीं हुआ। हुआ था लेकिन वो कितना बड़ा है, क्या है, वो मुझे नहीं मालूम है।

### उत्तराखंड के बाद गुजरात में भी आएगा यूसीसी!



अहमदाबाद। उत्तराखंड के बाद अब एक और बीजेपी शासित राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू किए जाने की तैयारी है। इस राज्य का नाम गुजरात है और राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसका ऐलान किया है। इसे लेकर एक कमेटी भी बनाई गई है। बताना होगा कि इससे पहले उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू कर दिया गया है।

### चौकीदार पर हमला, बाल संप्रेषण गृह से 8 नाबालिग फरार



**जबलपुर।** जबलपुर, एमपी के गोकलपुरा स्थित बाल संप्रेषण गृह से सोमवार रात आठ नाबालिग फरार हो गए। इन सभी ने भागने की साजिश पहले से रची थी और घटना को अंजाम देने के लिए चौकीदार पर हमला किया। उन्होंने पहले चौकीदार से गेट की चाबी छीनने की कोशिश की, लेकिन जब उसने मना किया तो सिर पर लोहे का ताला मारकर घायल कर दिया।

## ट्रम्प सरकार का सख्त एक्शन

# अवैध अप्रवासी भारतीयों का डिपोर्टेशन शुरू, सी-17 मिलिट्री प्लेन से भेजा भारत

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका ने अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार इस मुद्दे पर सख्त हो गई है। सोमवार को एक अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 से करीब 205 भारतीयों को डिपोर्ट किया जा रहा है। यह पहली बार है जब अमेरिका ने मिलिट्री के प्लेन से भारतीयों को डिपोर्ट किया है। इससे पहले अमेरिका ने ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास के अप्रवासियों को डिपोर्ट कर चुका है। हालांकि, इन सब देशों में सबसे दूर स्थित देश है, जहां प्लेन के जरिए अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट किया गया है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि सी-17 मिलिट्री प्लेन से अवैध अप्रवासियों को भारत भेजा जा रहा है। विमान में कितने भारतीय नागरिक सवार हैं, इसकी जानकारी सार्वजनिक आधिकारिक तौर पर जारी नहीं की गई है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में 205 भारतीयों के सवार होने की बात कही जा रही है।

**खास बातें**

- ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास के अप्रवासियों को भी डिपोर्ट किया है अमेरिका ने
- अमेरिका में हैं लगभग 7.25 लाख अवैध भारतीय अप्रवासी



### ट्रम्प का सख्त रुख, भारत से सहयोग की उम्मीद

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से चर्चा की थी। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी से उम्मीद जताई है कि भारत अवैध अप्रवासियों को स्वीकार करेगा और उचित कार्रवाई करेगा। इस बातचीत के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत अवैध अप्रवासियों के मुद्दे को गंभीरता से लेता है और यह सुनिश्चित करेगा कि केवल भारतीय नागरिकों को ही वापस लिया जाए। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि अवैध अप्रवासियों के साथ कई दूसरी गैरकानूनी गतिविधियां भी जुड़ी होती हैं। यह भारत की साख के लिए अच्छी नहीं हैं। ऐसे में भारत अमेरिका के इस कदम का विरोध नहीं करेगा।

### अमेरिका में अवैध भारतीय अप्रवासियों की बड़ी तादाद

प्यू रिसर्च सेंटर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में लगभग 7.25 लाख अवैध भारतीय अप्रवासी हैं। अमेरिका में रहने वाले अवैध अप्रवासियों की तादाद के मामले में भारतीय अप्रवासी तीसरे नंबर पर हैं। पहले स्थान पर मेक्सिको और दूसरे स्थान पर अल साल्वाडोर के प्रवासी हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले कुछ वर्षों मं अमेरिका में अवैध भारतीय अप्रवासियों की संख्या लगातार बढ़ी है। अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने हाल ही में 15 लाख अवैध अप्रवासियों की सूची तैयार की है, जिसमें 18,000 भारतीय शामिल हैं।

### विदेश मंत्रालय बोला- जारी रहेगा अमेरिका से संवाद

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका और भारत के बीच नियमित कांसुलर संवाद होता है, जिसके तहत ऐसे मामलों को निपटाया जाता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा कि भारत पहले अपने नागरिकों की पुष्टि करता है। इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाती हैं।एक बार यह पुष्टि हो जाती है कि अमेरिका से भारत भेजा गया शख्स भारतीय ही है, तो उसका डिपोर्टेशन मंजूरी कर लेता है। जायसवाल ने कहा कि अमेरिका से अवैध अप्रवासियों की वापसी का यह सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- क्या आप किसी मुहूर्त का इंतजार कर रहे?

# घुसपैठियों को बाहर न करने पर असम सरकार को फटकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित न करने और उन्हें अनिश्चितकाल तक डिटेंशन सेंटर (निरुद्ध केंद्रों) में रखने पर सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने असम सरकार से पूछा कि क्या वह किसी मुहूर्त का इंतजार कर रही है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सरकार निरुद्ध केंद्रों में रह रहे 63 लोगों को दो सप्ताह के भीतर उनके देश वापस भेजना शुरू करे। शीर्ष अदालत ने असम के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि निर्वासन संभव नहीं था क्योंकि प्रवासियों ने अपने विदेशी पते का खुलासा नहीं किया था। सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को दो सप्ताह के भीतर हिरासत केंद्रों में रखे गए 63 लोगों को निर्वासित करने का निर्देश दिया। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों के विदेशी होने की पुष्टि होते ही उन्हें तत्काल निर्वासित कर दिया जाना चाहिए। बेंच ने कहा कि आपने यह कहकर निर्वासन की प्रक्रिया शुरू करने से इनकार कर दिया कि उनके पता नहीं हैं। यह हमारी चिंता क्यों होनी चाहिए? आप उन्हें उनके देश भेज दें।

### असम में विदेशियों के कई डिटेंशन सेंटर

बेंच ने असम सरकार की ओर से पेश वकील से कहा कि जब आप किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित करते हैं, तो आपको अगला तार्किक कदम उठाना पड़ता है। आप उन्हें अनंतकाल तक निरुद्ध केंद्र में नहीं रख सकते। संविधान का अनुच्छेद 21 मौजूद है। असम में विदेशियों के लिए कई निरुद्ध केंद्र हैं। आपने कितने लोगों को निर्वासित किया है? सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को निर्देश दिया कि वह निरुद्ध केंद्रों में रखे गए 63 लोगों को दो सप्ताह के भीतर निर्वासित करना शुरू करे और अनुपालन हलफनामा दाखिल करे। पीठ ने असम में विदेशी घोषित किए गए लोगों के निर्वासन और निरुद्ध केंद्रों में सुविधाओं से संबंधित याचिका पर सुनवाई की।

# कनाडा में पंजाबी सिंगर ढिल्लो पर फायरिंग गैंगस्टर खरड़ ने ली हमले की जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कनाडा में एक और पंजाबी सिंगर के घर पर फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई है। गिप्पी ग्रेवाल, एपी ढिल्लों के बाद अब पंजाबी गायक प्रेम ढिल्लों की टोरंटो स्थित कोठी पर फायरिंग की गई है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, शुरुआती जांच में जयपाल भुल्लर गैंग पर शक जताया जा रहा था। हालांकि इस फायरिंग की जिम्मेदारी गैंगस्टर जेंटा खरड़ ने ली है, जो ऑस्ट्रेलिया में मौजूद खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला का करीबी बताया जा रहा है। जेंटा खरड़ ने इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पंजाबी में एक पोस्ट जारी किया है, जिसमें उसने प्रेम ढिल्लों को आखिरी चेतावनी देने की बात कही है। पोस्ट में दावा किया गया कि प्रेम ढिल्लों ने सिद्धू मूसेवाला के साथ पहले काम किया, फिर उनके दुश्मनों के साथ मिल गए। इस पोस्ट में मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला और गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का भी जिक्र किया गया है।

### खरड़ ने पोस्ट में यह कहा

'मैंने कई बार इसे टालने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रेम ढिल्लों को सिद्धू मूसेवाला के साथ गाने पर साइन किया गया था। बाद में उन्होंने मूसेवाला के विरोधियों के साथ मिलकर कॉन्ट्रैक्ट तोड़ दिया। मूसेवाला की मौत का मजाक उड़ाकर सहानुभूति के लिए गाना बनाया। अब उन्होंने हमारे विरोधी केवी ढिल्लों के साथ मिलकर नया गाना 'चीट एमपी3' बनाया।

# रिमांड खत्म, लोकायुक्त के हाथ अब भी खाली

### कोर्ट ने सौरभ शर्मा, चेतन और शरद को भेजा जेल, 17 फरवरी को पेशी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश परिवहन विभाग (आरटीओ) का पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा, उसके साथी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल की पुलिस रिमांड पूरी हो गई है। 7 दिन की रिमांड के बाद भी लोकायुक्त के हाथ कोई ठोस जानकारी नहीं लगी। मंगलवार को सौरभ शर्मा, चेतन गौर और शरद जायसवाल को लोकायुक्त ने कोर्ट में पेश किया। लोकायुक्त ने अदालत में तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग की। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सौरभ, चेतन और शरद को 17 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा है।

**मेडिकल चेकअप के बाद किया पेश :** लोकायुक्त पुलिस ने 28 जनवरी को सौरभ और चेतन को कोर्ट में पेश कर छह दिन की रिमांड पर लिया था। 29 जनवरी को शरद को पांच दिन की रिमांड दी गई थी। रिमांड पूरी होने के बाद मंगलवार को सुबह तीनों आरोपियों का हमीदिया हॉस्पिटल में मेडिकल चेकअप कराया।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

## मोक्ष के लिए 8 साल लंबा इंतजार

# पाक से 400 हिंदुओं की अस्थियां आईं भारत, गंगा में होंगी विसर्जित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कराची स्थित पुराने गोलिमार श्मशान घाट में 400 हिंदू मृतकों की अस्थियां वर्षों से विसर्जन की प्रतीक्षा में थीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हिंदू परिवार अपने प्रियजनों की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करना चाहते थे, लेकिन वीजा की कठिनाइयों के कारण यह 8 साल संभव नहीं हो पाया।

सोमवार को आखिरकार ये अस्थियां पंजाब के अमृतसर के वाघा-अटारी बॉर्डर के जरिए भारत पहुंचीं। इस पूरी प्रक्रिया में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई।

**400 अस्थियों के साथ भारत पहुंचे श्रीराम नाथ मिश्रा महाराज :** कराची के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीराम नाथ मिश्रा महाराज 400 अस्थि कलश लेकर भारत पहुंचे हैं। इससे पहले 2011 में 135 और 2016 में 160 अस्थियां हरिद्वार भेजी गई थीं, लेकिन इस बार संख्या कहीं ज्यादा है।

### महाकुंभ योग में भारत लाने की मिली इजाजत

महाकुंभ योग के दौरान भारत सरकार ने इन अस्थियों को भारत लाने के लिए वीजा जारी किया है। रविवार को कराची के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित हुई। मृतकों के परिजनों ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और विधिपूर्वक अपने परिजनों की अस्थियों को अंतिम विदाई दी। यह पहला मौका नहीं है जब पाकिस्तान से हिंदू अस्थियां भारत भेजी गई हैं, लेकिन इस बार संख्या सबसे ज्यादा हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172


बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# एक गांव ऐसा भी, जहां आपसी सहमति से चुन लिया अपना सरपंच और पंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

राजनीतिक द्वंद्व और आपसी मनमुटाव से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश का एक गांव ऐसा भी है, जहां के ग्रामीणों ने आपस में मिल-जुलकर अपना सरपंच और पंच का चुनाव कर लिया है। गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत रावनडिग्गी के सभी ग्रामीणों ने आपसी सहमति और सामंजस्य से अपने सरपंच और 10 पंचों को निर्विरोध चुनकर इतिहास रच दिया है। यहां रहने वाले लोगों का कहना है कि उनका उद्देश्य राजनीति से ऊपर उठकर सामूहिक विकास और सामाजिक एकता को प्राथमिकता देना है। ⏭ शेष पेज 6 पर

- गरियाबंद के ग्राम पंचायत रावनडिग्गी में निर्विरोध चुनाव
- सरपंच सहित 6 महिला पंच और 4 पुरुष पंच निर्विरोध चुने गए

### निर्विरोध चुनाव हुआ

ग्राम पंचायत रावण डिग्गी में सरपंच सहित सभी 10 पंच निर्विरोध चुने गए हैं।

\- **मयंक अग्रवाल**, गरियाबंद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार

## परसापाली में अनूठी मिसाल सरपंच के साथ पंच निर्विरोध

**गौतम पंडा/पुसौर।** पुसौर के परसापाली गांव में चुनाव से पहले ही सारे जनप्रतिनिधि तय हो चुके हैं। ग्रामीणों ने सरपंच से लेकर सारे पंचों को निर्विरोध चुन लिया है। इस तरह इस गांव में तीस साल पूर्व के इतिहास को दोहराया गया है। तीस साल पहले भी इस गांव में इसी तरह से पंच और सरपंच निर्विरोध चुने गए थे। उस समय गांव के हरिशंकर चौहान को जनता ने चुनाव से पूर्व ही अपना सरपंच चुन



लिया था। इसी तरह इस साल जीनिता जेना को सरपंच बनाया गया है। ग्राम पंचायत के लिए दस पंचों का भी निर्विरोध चयन हो चुका है। एक तरफ चुनावों के लिए भाई भाई आपस में लड़ रहे हैं, तो दूसरी तरफ आज भी गांवों में ⏭ शेष पेज 6 पर

# बस्तर के कोंटा ब्लाक में भी 8 सरपंचों के लिए एक राय

**जगदलपुर/कोंटा।** सुकमा जिले के अतिसंवेदनशील तथा नक्सल प्रभावित कोंटा ब्लाक के 8 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए एक-एक ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने पर यहां सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक निर्विरोध निर्वाचित होने वाले सरपंच में ग्राम पंचायत तारलागुड़ा से सुन्डम उमेश, कोंडासावली से सुन्डम नंदा, उपमपल्ली से मड़काम सिंगा, सिलगेर से कोरसा सन्नू, सुरपनगुडा से बण्डी, करीगुंडम से अनिता सोढ़ी, मैलासुर से प्रदीन ⏭ शेष पेज 6 पर

- दोरनापाल में रहकर सिलगेर पंचायत का संचालन करेगा कोरसा सन्नु

### उपमपल्ली और मैलासुर नवीन पंचायत

कोंटा ब्लाक में पिछले चुनाव में 61 ग्राम पंचायत थे, जो इस बार 67 हो गए हैं। 6 नवीन पंचायत बनाए गए हैं, जिनमें उपमपल्ली और मैलासुर के सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वहीं सिलगेर का निर्विरोध बने सरपंच कोरसा सन्नू भाजपा नेता है, जो सलवा जुडूम के बाद नक्सलियों के टारगेट में होने से दोरनापाल में रहता है। पूर्व में वह सिलगेर का सरपंच रहा और इस बार फिर से निर्विरोध चुना गया है। जो दोरनापाल में रहकर लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित सिलगेर ग्राम पंचायत का संचालन करेगा।

### दरभा जनपद के कलेपाल की निर्विरोध सरपंच बनी सन्नी पोड़यामी

**दरभा।** बस्तर जिले के जनपद पंचायत दरभा का ग्राम पंचायत कलेपाल सुदूर जंगलों में बसा हुआ है जो गत वर्षों पहले संवेदनशील क्षेत्र के रूप में जाना जाता रहा है। इस बार के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इस पंचायत ने इतिहास रच दिया है। 10 वार्डों वाली इस ग्राम पंचायत में संवीक्षा के दौरान सरपंच सहित सभी पंच निर्विरोध चुने गए हैं। 697 की जनसंख्या वाली यह ⏭ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर।** दो निजी विद्यालयों को ई-मेल भेजकर विस्फोटक पदार्थ 'आरडीएक्स' और 'मानव बम' से उड़ाने की धमकी के जांच में फर्जी



निकली। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया। शहर के खंडवा रोड पर स्थित न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल और राऊ क्षेत्र के इंदौर पब्लिक स्कूल को मंगलवार सुबह ई-मेल भेजा गया।

### चेन्नई में कोहरे से विमानों की आवाजाही बाधित

**चेन्नई।** चेन्नई हवाई अड्डे पर मंगलवार को सुबह घने कोहरे के कारण विमानों का आगमन और



प्रस्थान बाधित हुआ। इसके कारण कुछ अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाओं का मार्ग परिवर्तित कर उन्हें निकटवर्ती शहर भेजना पड़ा। विमानों के परिचालन में सुबह छह-सात बजे के बीच देरी हुई।

### दो मालगाड़ी टकराई लोको पायलट घायल

**कानपुर।** यूपी के फतेहपुर जिले में खागा के पास मंगलवार सुबह एक खड़ी मालगाड़ी से अन्य मालगाड़ी



टकरा गई। इस घटना में लोको पायलट घायल हो गया। टक्कर के कारण गार्ड का डिब्बा और इंजन पटरी से उतर गए। प्रयागराज रेंज के आईजी प्रेम कुमार गौतम ने बताया कि लोको पायलट को संभवतः झपकी आ गई थी।

### ट्रकों की भिड़ंत के बाद आग, तीन जिंदा जले

**हमीरपुर।** यूपी के हमीरपुर जिले में दो ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत के बाद आग लगने से तीन



जिंदा जल गए और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान पंकज गौतम (30), कपिल (24) और कुंवर राजपूत (22) के रूप में हुई है। घटना के बाद राजमार्ग पर 10 किमी लंबा जाम लग गया।

### सरकारी-अर्धसरकारी दफ्तरों में मराठी बोलना अनिवार्य

**मुंबई।** महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने मराठी भाषा का सख्ती से पालन कराने की दिशा में ठोस कदम



उठाया है। राज्य में यदि कोई किसी काम से सरकारी या अर्ध सरकारी कार्यालय में जाता है तो उन्हें मराठी भाषा में ही बात करनी होगी। मराठी भाषा नीति की सिफारिशों पर क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने मराठी बोलना अनिवार्य कर दिया है।

## संसद में विपक्ष पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री, राहुल पर किया वार

# झोपड़ियों में फोटो सेशन कराने वालों को गरीबों की बात लगेगी 'बोरिंग'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दिया। 1:35 घंटे के भाषण में उन्होंने नाम लिए बिना गांधी परिवार, केजरीवाल और विपक्ष के नेताओं के आरोपों के जवाब दिए। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग गरीबों की झोपड़ियों में अपना फोटो सेशन कराकर अपना मनोरंजन करते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग (उबाऊ) ही लगेगी।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों को झूठे नारे नहीं, बल्कि सच्चा विकास दिया है। उन्होंने कहा, मेरे लिए बहुत सौभाग्य है कि देश की जनता ने मुझे 14वीं बार राष्ट्रपति जी का आभार व्यक्त करने का अवसर दिया है। मैं जनता जनार्दन का आभार व्यक्त करता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होने भविष्य के 25 वर्ष और विकसित भारत के लिए एक नया विश्वास जगाने की बात की है। मोदी का कहना था कि राष्ट्रपति का संबोधन विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला, नया विश्वास पैदा करने वाला और जन सामान्य को प्रेरित करने वाला है। उन्होंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम लिये बिना उन पर कटाक्ष करते हुए कहा, कुछ नेताओं का फोकस जकूजी पर, स्टाइलिश शावर पर है, लेकिन हमारा फोकस हर घर जल पहुंचाने पर है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद गत 31 जनवरी को राहुल गांधी द्वारा संसद परिसर में की गई एक टिप्पणी का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा, कहा, जो लोग गरीबों की झोपड़ियों में अपना फोटो सेशन कराकर अपना मनोरंजन ⏭ शेष पेज 6 पर



## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का पीएम ने दिया जवाब

### यह भी बोले पीएम मोदी

- विकसित भारत का सपना सरकारी सपना नहीं, 140 करोड़ देशवासियों का सपना है।
- बचत भी और विकास भी, यह हमारा मॉडल है। जनता का पैसा जनता के लिए।
- खिलौनों के निर्यात में 239 फीसदी की बढ़ोतरी। इलेक्ट्रिकल सामान एक्सपोर्ट कर रहे हैं।

### देश से बड़ा कुछ नहीं हो सकता

पीएम ने कहा, हम और बड़े लक्ष्य पार करके रहेंगे। ये तो अभी हमारी तीसरी ही टर्म है। हम देश की आवश्यकता के अनुसार आधुनिक भारत बनाने के लिए आने वाले अनेक वर्षों तक जुटे रहने वाले लोग हैं। मैं सभी दलों से आग्रह करता हूं कि अपनी अपनी राजनीतिक विचारधाराएं होंगे, लेकिन देश से बड़ा कुछ नहीं हो सकता है।

प्रियंका गांधी बोलीं-

### जनता से कट चुके प्रधानमंत्री



संसद में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। प्रियंका ने कहा, मुझे लगता है की प्रधानमंत्री मोदी जनता से और जनता की जरूरतों से कट चुके हैं, आज के भाषण से मुझे यही लगा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, हमारी राजनीति से इसका कोई लेना देना नहीं है। परिवारवाद विषय पर आप बार बार बोल चुके हैं। आप राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते। विपक्ष ने जो आरोप लगाए थे, उनका जवाब देना चाहिए था।

### कुछ लोग अर्बन नक्सल की भाषा बोल रहे

पीएम मोदी ने कहा, देश का दुर्भाग्य है कि आजकल कुछ लोग अर्बन नक्सल की भाषा खुलेआम बोल रहे हैं। अर्बन नक्सल जिन बातों को बोलते हैं, इंडियन स्टेट के सामने मोर्चा लेना। ये अर्बन नक्सल की भाषा बोलने वाले इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ाई की घोषणा करने वाले न इंडियन स्टेट को समझ सकते हैं न देश की एकता को। 7 दशक तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को संविधान के अधिकारों से वंचित रखा गया। ये अन्याय है। हमने आर्टिकल 370 की दीवार गिरा दी। उन राज्यों को देशवासियों जैसे अधिकार दे रहे हैं।

### राहुल की बढ़ेगी मुश्किलें, विशेषाधिकार हनन का नोटिस

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ सदन में अपने भाषण के दौरान 'स्पष्ट झूठ और निंदा अभियान' के लिए विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरू करने की मांग की। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सोमवार को विपक्ष के नेता के भाषण का सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ा विरोध किया था। इसके बाद दुबे ने अध्यक्ष को अपना नोटिस सौंपा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता अपने आरोपों को प्रमाणित किए बिना अफवाह फैलाने के लिए अपने संसदीय विशेषाधिकार का उपयोग कर रहे हैं।



# शबाना ने शिशु को किया अस्पताल प्रबंधन के हवाले, खुद भी हुईं भर्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मां की ममता की परीक्षा समाप्त ही नहीं हो रही है। मां ने अपने लाल को पाने के लिए दूसरे के लाल को सीने से लगाकर मंगलवार को दुर्ग जिला चिकित्सालय पहुंचकर प्रबंधन को शिशु सौंप दिया है, लेकिन मां की ममता ने उसे भी अस्पताल में रोके रखा है। ताकि उसके पास के शिशु को मां की ममता कमी ना खले। इस मामले में अब डीएनए टेस्ट ही आखिरी रास्ता बचा हुआ है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा शीघ्र डीएनए टेस्ट कराए जाने की तैयारी की जा रही है। दुर्ग जिला चिकित्सालय डिलवरी वार्ड में 23 जनवरी को शिशु वार्ड में कातुल बोर्ड की साधना सिंह और केलाबाड़ी की शबाना कुरैशी ने 10 मिनट के अंतराल में शिशुओं को जन्म दिया था। एक हफ्ते बाद शबाना और उनके परिवार वालों ने अस्पताल से शिशु के बदली हो जाने का ⏭ शेष पेज 6 पर

- साधना ने शिशु देने से किया इंकार, अब होगा डीएनए टेस्ट

### अब होगा डीएनए

साधना के परिवार से मिलने विभाग गया हुआ था। बच्चा देने से इंकार कर दिया है। अब दोनों का डीएनए कराया जाएगा। शबाना अस्पताल पहुंची है। उसके और बच्चे के लिए बेड की व्यवस्था की जाएगी। शिकायत पर जांच चल रही है। दोनों पक्षों को समझाया जाएगा।

\- **डॉ. हेमंत साहू**, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल दुर्ग

### नियमानुसार होगी कार्रवाई

जिला अस्पताल के डिलवरी वार्ड से नवजात शिशु अदला-बदली का मामला सामने आने के बाद प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त जांच टीम बनाई गई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई होगी। जांच की प्रक्रिया जारी है।

\- **ऋचा प्रकाश चौधरी**, कलेक्टर दुर्ग

# स्वीडन के एजुकेशन सेंटर में अंधाधुंध फायरिंग, 10 की मौत

एजेंसी:ओरेब्रो

स्वीडन के सेंट्रल ओरेब्रो शहर में स्थित एक एडल्ट एजुकेशन सेंटर में मंगलवार को गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में 10 लोग मारे गए हैं। यह घटना मंगलवार दोपहर में लगभग 13:00 बजे के आसपास हुई।

पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने गोलीबारी के बाद सेंटर की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए हैं। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे सेंटर के आसपास न जाएं ताकि जांच और सुरक्षा कार्यों में बाधा न पहुंचे। ओरेब्रो शहर की पुलिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पांच लोगों को गोली लगने की पुष्टि हुई है।



### राजधानी से 200 किलोमीटर दूर

ओरेब्रो शहर स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम से करीब 200 किलोमीटर दूर है। कहा जा रहा है कि यह घटना तब हुई जब अधिकांश छात्र स्कूल में ही थे। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हमले में छात्र घायल हुए हैं। यह भी पता नहीं लग पाया है कि हमले के पीछे की वजह क्या है? फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

# शाह ने एंटी टेरर ऑपरेशन पर दिए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, जहां हाल में कुछ आतंकवादी घटनाएं हुई हैं। शाह ने आतंकवादी के खिलाफ अभियानों को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। सेना, कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों के शीर्ष अधिकारियों ने शाह को मौजूदा स्थिति और अभियानों की जानकारी दी।



### आतंकवादी घटनाओं में आई कमी

सरकार का कहना है कि आतंकवादी घटनाओं, घुसपैठ और आतंकवादी संगठनों में युवाओं की भर्ती में उल्लेखनीय कमी आई है। सुरक्षा बलों ने पिछले सप्ताह अभियान शुरू किया था।

## मंदिर के सामने बैठे भिखारी को कार सवार ने दी थी भीख

# भिखारी को दिए 10 रुपए तो दर्ज हो गया केस

एजेंसी ⏭ इंदौर

इंदौर में एक मंदिर के सामने बैठे भिखारी को 10 रुपए की भीख देने वाले एक अज्ञात कार सवार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह शहर में पखवाड़े भर के भीतर भिक्षावृत्ति के खिलाफ इस तरह की दूसरी कार्रवाई है। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक हनुमान मंदिर के सामने बैठे एक पुरुष भिखारी को सोमवार को 10 रुपए की भीख देने वाले अज्ञात कार सवार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### पहले भी दर्ज हो चुकी एफआईआर

इससे पहले, खंडवा रोड के एक मंदिर के सामने बैठी महिला भिखारी को भीख देने पर 23 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।




### भिखारियों को भेजा आश्रय स्थल

भिक्षावृत्ति उन्मूलन दल के अधिकारी फूल सिंह कारपेंटर ने बताया, पिछले छह माह के दौरान शहर में भिक्षावृत्ति में लिप्त 600 से ज्यादा लोगों को पुनर्वास के लिए आश्रय स्थलों में भेजा गया है। इनमें करीब 100 बच्चे शामिल थे जिन्हें बाल देखरेख संस्थान पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि इनमें से कई लोग ट्रैफिक सिग्नलों पर छोटा-मोटा सामान बेचने की आड़ में भीख मांग रहे थे।

### भोपाल में भी भीख लेना और देना बैन

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में प्राधिकारियों ने भीख मांगने और देने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसा करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। राज्य के इंदौर जिले में भीख मांगने और देने पर पहले ही प्रतिबंध लगा जा चुका है। भोपाल के जिलाधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार शाम को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 (2) के तहत जारी आदेश में भीख मांगने और देने पर प्रतिबंध लगा दिया।







## ग्रामीण/शहरी रणभूमि



### प्रदेशवासी सरकार से बेहद नाराज

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार के इन 13-14 महीनों में प्रदेश में विकास का पहिया थम गया है, प्रदेशवासी इस सरकार से बेहद नाराज हैं और कांग्रेस सरकार के कामों को याद कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है और इन नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में हमारी पार्टी अधिकांश जगहों पर जीत कर आएंगे।



### भूपेश के कार्यकाल में लूटा गया खजाना

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि प्रदेश की जनता ने इस बात को माना था कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में प्रदेश में भयंकर भ्रष्टाचार हुआ, घपले-घोटाले हुए, छत्तीसगढ़ महतारी के खजाने को लूटा गया, जनता के अधिकारों को छीना गया. अब जब जनता ने कांग्रेस से किनारा कर लिया तो कांग्रेस भी बघेल से किनारा कर रही है. एक तरह से बघेल के नेतृत्व को महंत ने ठुकरा दिया है।

**दुर्ग नगर निगम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग शहर सरकार के मुखिया के लिए इस बार सिर्फ दो दावेदार हैं। कांग्रेस से प्रेमलता साहू और भाजपा से अलका बाघमार ही चुनाव मैदान में हैं। लंबे समय बाद दुर्ग निगम में महापौर के लिए सीधी टक्कर देखने को मिल रही है। दोनों प्रत्याशियों ने ताल ठोक दी है। युद्ध स्तर पर प्रचार-शुरू कर दिया है। दोनों ही प्रत्याशियों को निगम में काम करने के अनुभव है। 10 साल से ज्यादा समय तक दोनों ही पार्षद रहते हुए निगम और जनता के बीच काम किया है। इसके अलावा अन्य कोई प्रत्याशी नहीं होने से दोनों में सीधा मुकाबला है। भाजपा की अलका बाघमार जहां केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच वोट मांगने पहुंच रही हैं। वहीं कांग्रेस की प्रेमलता साहू पूर्व की छत्तीसगढ़ सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यों के आधार पर वोट मांग रही है। इसके अलावा उनके द्वारा भाजपा की गलत नीतियों के बारे में भी जनसंपर्क के दौरान जानकारी दी जा रही है।

# दुर्ग शहर में लंबे समय बाद कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला

## प्रदेश में साय और देश में मोदी सरकार के काम पर होगा आकलन: अलका

***सवाल- एक मेयर के रूप में आपकी प्राथमिकताएं क्या हैं ? यदि आप जीतती हैं तो कौन-कौन से काम प्रमुखता से कराना चाहेंगी ?***

**अलका बाघमार :** जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना, अवैध कॉलोनियों को वैध करना, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाना, खेलों को प्रोत्साहित करना, रविशंकर सहित अन्य प्रमुख स्टेडियमों का संधारण करना मेरी प्राथमिकता है। इसके अलावा जनता की हर जरूरत को पूरा करने का मैं प्रयास करूंगी।

**प्रेमलता साहू :** शहर को स्मार्ट सिटी का रूप देना मेरी पहली प्राथमिकता है। जनता तक मूलभूत सुविधा पहुंचाना, सड़क, बिजली, पानी, सफाई के साथ सुंदर शहर की परिकल्पना मैंने की है। यदि मैं मेयर बनती हूं, तो यह सारे काम जरूर होंगे।

***सवाल - जनता आखिर आपको ही वोट क्यों दे ?***

**अलका बाघमार :** देखिए भाजपा एक राष्ट्र सेवक पार्टी है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्र धर्म के अनुरूप ही काम किया है। हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रहे हैं।



**आमने सामने**



**प्रेमलता साहू :** मैंने लगातार 10 साल तक वार्ड में जनता की सेवा की है। मेरे वार्ड के लोगों ने मेरा काम देखा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में शहर में बहुत से काम हुए हैं। भाजपा ने जनता को ठगा है। इसलिए जनता मुझे वोट करेगी।

## भाजपा ने जनता को लूटने का काम किया, जनता परेशान : प्रेमलता

**सवाल : शहर विकास के साथ ही आउटर में अवैध कॉलोनियां बस गई हैं, अवैध प्लॉटिंग के मामले हर तरफ सामने आ रहे हैं, इससे कैसे निपटेंगी।**

**अलका बाघमार :** मैंने पहले भी कहा है कि अवैध कॉलोनी को वैध कर उनका सर्वांगिण विकास हमारी प्राथमिकता में है। रही बात अवैध प्लॉटिंग की, तो नियमतः उस पर भी कार्रवाई की जाएगी, जिसे वैध किया जा सकता है, उसे वैध किया जाएगा।

**प्रेमलता साहू :** शहर के लिए यह एक बड़ी समस्या है, इस पर लगातार बात भी हो रही है, इस पर जो बेहतर होगा, वह किया जाएगा। हमारा प्रयास रहेगा कि शहर की व्यवस्थित बसाहट हो। ताकि शहर सुंदर और स्वच्छ नजर आए।

***सवाल - वृहद पेयजल योजना और अमृत मिशन के बाद भी पेयजल संकट बना हुआ है, इसका निराकरण कैसे करेंगे ? सफाई भी एक मुद्दा रहा है।***

**अलका बाघमार :** अमृत मिशन 2.0 का काम हमारी भाजपा सरकार ने स्वीकृत किया है, इससे शहर में पानी को लेकर कहीं भी संकट के हालात नहीं बनेंगे। सफाई को लेकर एक निगरानी सिस्टम तैयार किया जाएगा।

**प्रेमलता साहू :** मैं पिछले 10 साल से निगम में काम कर रही हूं, मुझे मालूम है कि समस्या कहां है। हम निचले क्षेत्रों में वाल्व लगवाएंगे, ताकि ऊंचे क्षेत्रों में भी पानी पहुंच सके। इसके अलावा अमृत मिशन 2.0 में छूटे वार्डों तक पानी पहुंचाया जाना है।

**रोचक खबरें**

## एक साल में नगरीय निकायों का काफी विकास, भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल : साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शहर के मोतीपुर-नवागांव वार्ड में एक चुनावी सभा को संबोधित करते यहां से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव और भारतीय जनता पार्टी के पार्षद प्रत्याशियों के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा। अपने छत्तीसगढ़ी अंदाज में जनता को संबोधित करते राजनांदगांव से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव को ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील की। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मतदाताओं और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा दिखाई दे रही है। बीते एक वर्ष में प्रदेश की सरकार ने नगरीय निकायों का काफी विकास किया है। जिसकी वजह से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में एकतरफा माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां से भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी।

शहर के वार्ड नंबर 1, 2 और 3 के लिए आयोजित चुनावी सभा के दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के लोग और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। इस चुनावी सभा में महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव भी उपस्थित रहे और उन्होंने जनता के बीच पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। सभा के दौरान तीनों वार्ड के पार्षद प्रत्याशी भी मौजूद थे।

### साहू समाज के साथ की बैठक

चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद शहर के सिंधु भवन में अरुण साव ने साहू समाज के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए समाज के लोगों से आग्रह किया।

### विकास के लिए राजनीति

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने कहा कि राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए 186 करोड़ से अधिक की राशि हमने यहां यह जानते हुए भी दी है कि यहां महापौर कांग्रेस का है। उन्होंने कहा कि हम विकास में राजनीति नहीं करते, विकास के लिए राजनीति करते हैं।

## हक दिलाने के लिए लड़े हैं और लड़ते रहेंगे : भूपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगांव

निकाय चुनाव के प्रचार अभियान का आगाज करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को नगर में पहली जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से जनहित के लिए लड़ते रही है और उसका यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से हक की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस का साथ देने का आह्वान किया।

नगर के पुराने बस स्टैंड में आयोजित सभा के आरंभ में वरिष्ठ कांग्रेस नेता देशराज जैन और विधायक दलेश्वर साहू ने संबोधित किया। विधायक साहू ने बीते पांच साल में कराए गए कार्यों का ब्योरा पेश किया। उन्होंने भाजपा पर हमला करते कहा कि राज्य गठन के 25 सालों में 16 साल तक सरकार रहने के बाद भी वह शहर में 16 काम भी नहीं करवा सकी है। शहर में जो जनसुविधा के काम हुए हैं, वह पूर्वमंत्री गीतादेवी सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की देन है। भाजपा नेताओं को सोचविहीन बताते कहा कि यह केवल धर्म और जाति के नाम पर लड़वाते हैं। यह धर्म और राम का सिर्फ नाम लेते हैं। जबकि हमने शहर के साथ मंदिर, माता देवाला को संवारने का प्रयास किया है।

### एक हाथ से देकर दूसरे हाथ से छीन रहे

चुनावी सभा को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जंगल, शहर और गांव की वन भूमि पर काबिज लोगों को पट्टा देने की शुरूआत कांग्रेस सरकार ने किया था। जिसके तहत शहर के 18 सौ परिवारों को भी पट्टा दिया गया। कोरोनाकाल का जिक्र करते उन्होंने बताया कि सरकार ने संकट के दौर में लोगों को आक्सीजन, राशन, रोजगार, दवा मुहैया कराया। किसानों को धान की कीमत 31 सौ रुपए मिल रहा हैं तो वह कांग्रेस के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की योजनाओं से सभी वर्ग को लाभ मिल रहा था, जिसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है।

## निकाय चुनाव : बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव में जमानत गंवाने वाले सैकड़ों

# सबसे ज्यादा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी रायपुर के, जमानत गंवाने में भी पहले नंबर पर

छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीय निकायों के चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा के साथ जमानत भी दांव पर लगी है। जब चुनावों के पूरे परिणाम आएंगे तब साफ होगा कौन चुनाव जीतने में सफल होते और कौन-कौन हारने के बाद अपनी जमानत बचा पाते हैं। लेकिन इससे पहले अगर पिछले चुनाव पर नजर डालें तो साफ होता है कि चुनाव लड़ने से लेकर जमानत गंवाने तक में रायपुर अकेला जिला है जहां सबसे अधिक प्रत्याशियों ने निकाय चुनाव लड़ा और सबसे अधिक जमानतें भी यहीं के प्रत्याशियों ने गंवाई। लेकिन इससे पहले खास बात ये है कि पिछली बार 10 हजार 158 प्रत्याशियों में से 3 हजार 492 को कुल मतदान के छटवें हिस्से जितने वोट भी नहीं मिले, लिहाजा उनकी जमानत राशि जब्त हो गई।

## आरक्षित वर्ग के प्रत्याशियों के जमानत राशि से मिली है छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकायों के चुनाव दलीय आधार पर होते हैं, यानि जो प्रत्याशी चुनाव लड़ते हैं वे राजनीतिक दलों द्वारा घोषित अधिकृत प्रत्याशी के रूप में पार्टी के चुनाव चिन्ह पर मैदान में होते हैं। चुनाव में खड़े होने के लिए सामान्य वर्ग के लोगों को निर्धारित जमानत राशि अदा करनी पड़ती है। एससी, एसटी और ओबीसी को जमानत राशि जमा करने से छूट दी जाती है।

**खास खबर**



### सबसे छोटा जिला बीजापुर, केवल 50 ने चुनाव लड़ा

छत्तीसगढ़ में सबसे छोटे जिलों में से एक है। यहां पिछले चुनाव में केवल एक नगर पालिका क्षेत्र बीजापुर के लिए चुनाव हुआ था। इस चुनाव में 50 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से 19 की जमानत जब्त हो गई। इन लोगों से कुल 37 हजार 500 रुपए की जमानत राशि जब्त की गई थी।

### आरक्षित क्षेत्र में ज्यादा प्रत्याशी, जमानत राशि कम डूबी

*छत्तीसगढ़ का जांजगीर चांपा(अविभाजित) एक ऐसा क्षेत्र है जहां अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या सबसे अधिक है। चुनाव लड़ने वाले आरक्षित वर्ग के लोगों के जमानत राशि अदा करने से छूट है। लिहाजा अविभाजित जांजगीर चांपा ऐसा जिला रहा जहां सबसे अधिक 935 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें 306 की जमानत जब्त हुई। इन प्रत्याशियों से 3 लाख 39 हजार रुपए जब्त किए गए।*

### चुनाव लड़ने और जमानत गंवाने में रायपुर जिला सबसे आगे

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के पिछले चुनाव में रायपुर नगर निगम के लिए कुल 425 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से 261 की जमानत जब्त हुई थी। दरअसल इन लोगों को उनके क्षेत्र में हुए कुल मतदान के छटवें हिस्से के बराबर वोट भी नहीं मिले। रायपुर निगम के अलावा यहां की नगर पालिका और नगर पंचायतों में कुल मिलाकर 836 प्रत्याशी चुनाव लड़े थे, इनमें से 401 की जमानत जब्त हुई थी। जमानत के रूप में जब्त की गई राशि 11 लाख 22 हजार 500 रुपए सरकारी खजाने में गए थे।

### बिलासपुर, दुर्ग राजनांदगांव का हाल

इधर रायपुर के अलावा राज्य के अन्य बड़े शहरों में बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव बड़े जिले और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन जिलों की स्थिति इस प्रकार है। बिलासपुर वह जिला है जहां निगम चुनाव में कुल मिलाकर 735 प्रत्याशी चुनाव लड़ने उतरे थे। इनमें से 293 की जमानत जब्त हुई इनसे 5 लाख 99 हजार रुपए की राशि जब्त मिली। इसी क्रम में दुर्ग जिले में निकाय चुनाव लड़ने वाले 596 उम्मीदवार थे। इनमें से 248 की जमानत जब्त हुई और इनसे 6 लाख 11 हजार 600 रुपए की राशि जब्त की गई। राजनांदगांव जिले में 520 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से 177 ने अपनी जमानत के साथ राशि 3 लाख 56 हजार 550 रुपए भी डूब गए।

**टुकुन की नजर से...**




## रायपुर बैज, मनेंद्रगढ़ महंत, कवर्धा में भूपेश करेंगे घोषणा पत्र जारी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव हेतु कांग्रेस का घोषणा पत्र 5 फरवरी को सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन सहित प्रदेश के सभी मुख्य शहरों में एक साथ जारी किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज रायपुर, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत मनेन्द्रगढ़, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कवर्धा, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव अंबिकापुर, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे राजनांदगांव, पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू महासमुंद, पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम कोण्डगांव, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल चिरमिरी, पूर्व मंत्री उमेश पटेल रायगढ़, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत बिलासपुर, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल गरियाबंद, विधायक लखेश्वर बघेल जगदलपुर, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गुरूमुख सिंह होरा धमतरी में घोषणा पत्र जारी करेंगे।

- नगरीय निकायों की माली हालत सुधारने और पुरानी योजनाओं का जारी रखने पर जोर



### मूलभूत सुविधा दिलाने पर जोर

*कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति के संयोजक सत्यनारायण शर्मा ने इसे अमिति के सदस्यों के साथ दो दौर की चर्चा के बाद तैयार किया है। बताया गया है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में नगरीय निकाय क्षेक्षें में मूलभूत सुविधा दिलाने पर जोर दिया गया है। वहीं कांग्रेस सरकार के समय संचालित नगरीय निकाय की योजनाओं को जारी रखने का वादा किया गया है। निकाय और पंचायत क्षेत्रों में सार्दीकरण के साथ ही कर ढांचे में परिवर्तन का निकायों की आय बढ़ाने के उपाय किए जाएंगे। निकाय और पंचायत क्षेत्रों में आम लोगों को चौबिस घंटे पानी, बिजली सुचारू रूप से मिले इसके उपाय किए जाएंगे। निकायों की माली हालत सुधारने पर काम किए जाएंगे। शहर के अनियमित विकास को ठीक ने नया प्लान बनाने जैसे बातों का घोषणा पत्र में उल्लेख होगा। प्रदेश और जिला स्तर पर घोषणा पत्र एक होंगे। वहीं स्थानीय स्तर पर प्रत्याशियों के द्वारा वहां की समस्याओं का अलग से उल्लेख कर जारी किया जाएगा।*

### बस्तर में चुनाव की तैयारियों का निर्वाचन आयुक्त ने लिया जायजा

रायपुर। आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आज जगदलपुर के धरमपुरा स्थित मॉडल कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कमिशनिंग की तिथि, सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव हेतु ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग प्रक्रिया तथा मशीनों के परिवहन की व्यवस्था का भी संज्ञान लिया। अधिकारियों ने बताया कि मशीनों की जांच के बाद स्ट्रांग रूम तक0 सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाए। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता से कार्य करें और सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करें।

*कांग्रेस ने पूर्व मंत्रियों और विधायकों को सौंपा जिम्मा, मंत्रियों और विधायकों को भजपा ने झोंका*

# पंचायत चुनाव गैर दलीय आधार पर, लेकिन राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा लगी दांव पर

छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव गैर दलीय आधार पर होते हैं। लेकिन राज्य के राजनीतिक दल पंचायत चुनाव में खुलकर सामने आ रहे हैं। पंचायत चुनाव में राजनीतिक दलों ने जिला अध्यक्षों के माध्यम से अपने अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी किया है। कांग्रेस और भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला और जनपद सदस्यों के लिए अपने दलों के समर्थकों के नाम जारी किए हैं। प्रदेश स्तर पर पार्टी कार्यालयों के माध्यम से जिला अध्यक्षों के माध्यम से सूची जारी की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला और जनपद पंचायत के माध्यम से राजनीतिक दलों को ग्रामीण क्षेत्रों में अपने जनाधार को बढ़ाने का अच्छा मौका रहता है। पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिए भी कई राजनीतिक दलों के समर्थक चुनाव लड़ते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करने और जनता के बीच छवि बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश में 114 जिला पंचायतों में अध्यक्ष के चुनाव हो रहे हैं। वहीं जनपद और जिला पंचायत सदस्यों के माध्यम से जिला और जनपद का पूरी एमआईसी तैयार होती है। सभी जिलों में पंचायत क्षेत्रों में चुनाव का माहौल देखने को मिल रहा है। नामांकन भरने का काम पूरा होने के बाद अब गांव-गांव चर्चा होने लगी है। कई पूर्व पंचायत सदस्य भी भाजपा और कांग्रेस से दांव आजमा रहे हैं। आने वाले 17, 18 और 19 फरवरी को मतदान के दिन ही यह पता चल जाएगा कि किसके तरफ माहौल हैं।



### पूर्व सरकार और विधायकों के काम बता रहे

*वहीं कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का दावा है कि उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस प्रत्याशियों ने पूर्व की सरकार और उनके विधायकों के कराए गए विकास कार्यों के आधार पर जनता के बीच जाने की बात कही है। हमें पूरा भरोसा है कि कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बड़ी संख्या में जीतकर आएंगे और जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर कब्जा करेंगे। पूर्व विधायकों के सहयोग से हमने क्षेत्र में विकास कार्य किए हैं। अगर कुछ काम अधूरे रह गए हैं तो हम जीतने के बाद उन्हें पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे।*

### सरकार की उपलब्धियों का प्रचार

भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रख रही है। डबल इंजन की सरकार के तहत किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचा रहे हैं. जिन कामों में कमी रह गई है, उन्हें भी पूरा करने का प्रयास करने का भरोसा दिला रहे हैं।

### नेताओं ने लगाए जोर

पंचायत चुनाव में अपने करीबी लोगों को टिकट दिलाने पूर्व मंत्री और कई नेताओं ने जोर लगाया है। प्रेमनगर पंचायत से पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा ने अपनी पत्नी को टिकट दिलवाया है। वहीं भजापा नेत्री रेणुका सिंह ने अपनी बेटी के लिए टिकट की मांग की थी टिकट नहीं मिलने पर वे निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरी है। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा विधायक संपत अग्रवाल की बहु बसना नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए निर्विरोध जीत गई है।

### सभी जिलों में बैलेट से होगा चुनाव

पंचायत क्षेत्रों में निर्वाचन आयोग ने बैलेट से चुनाव कराने का निर्णय लिया है। पंचायत में मतदान के लिए मतदाता को चार बैलेट दिए जाएंगे जिसमें अपना सील लगाकर बाक्स में डालना होगा। पंचायतों में सरपंच और पंच के लिए मतदान समाप्ति के बाद मतगणना होगी। वहीं जिला और जनपद पंचायत सदस्यों के लिए मतगणना तहसील मुख्यालयों में किया जाएगा। टेबुलेशन के बाद नतिजों की घोषणा की जाएगी।




## खबर संक्षेप

### टाटा पावर का शुद्ध लाभ 10% बढ़कर 1188 करोड़

**नई दिल्ली।** बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 1,188 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,076 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।




### वेलस्पन न्यू एनर्जी का ओडिशा से समझौता

**नई दिल्ली।** वेलस्पन न्यू एनर्जी ने ओडिशा में दो स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि इन परियोजनाओं पर 13,500 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। समझौते के तहत, वेलस्पन न्यू एनर्जी ने ओडिशा में 1,200 मेगावाट की पंप्ड हाइड्रो परियोजना और 1,000 मेगावाट की फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना विकसित करने के लिए 13,500 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

### कनाडा के पीएम व मेक्सिको की राष्ट्रपति से वार्ता के बाद फैसला टला

# मेक्सिको के बाद कनाडा को भी मिली मोहलत ट्रंप सरकार ने 30 दिन के लिए टाला टैरिफ वॉर

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ अलग-अलग वार्ताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों पर शुल्क लगाए जाने के फैसले के क्रियान्वयन पर कम से कम एक महीने के लिए रोक लगाने पर सहमति जताई है। चीन के खिलाफ शुल्क संबंधी फैसला मंगलवार से लागू होगा।

- चीन के खिलाफ फैसला मंगलवार से लागू हो गया

ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने संबंधी एक आदेश पर शनिवार को हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए अपने पोस्ट में कहा था कि ये शुल्क ''अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए'' आवश्यक हैं।

**खास बातें**

- ट्रंप ने इन देशों से आयात होने वाले वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाए थे
- चीन से सभी आयात पर 10 व कनाडा व मेक्सिको पर 25 फीसदी लगे थे शुल्क



### हमें अलग कर दिया

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा था, ''व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) द्वारा की गई कार्रवाई ने हमें एकजुट करने के बजाय अलग कर दिया है।''

### कनाडा से आयातित ऊर्जा पर 10 फीसदी शुल्क का था फैसला

*ट्रंप ने चीन से सभी आयात पर 10 प्रतिशत और मेक्सिको एवं कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के लिए आर्थिक आपातकाल की घोषणा की थी। कनाडा से आयातित ऊर्जा पर 10 प्रतिशत की दर से कर लगाने का फैसला किया गया था।*

### कनाडा 155 अरब डालर का करता है आयात

*जस्टिन ने कहा था कि उनका देश शराब और फलों सहित 155 अरब डॉलर तक के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। ट्रंप के इस कदम के बाद मेक्सिको की राष्ट्रपति ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए शुल्क लगाने का आदेश दिया था। चीन ने ट्रंप की कार्रवाई पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।*

### सीमा सुरक्षा पर मिलकर काम

*बहरहाल, ट्रूडो ने 'एक्स' पर हालिया बयान में कहा कि ट्रंप के साथ बातचीत में उन्होंने सीमा सुरक्षा पर अतिरिक्त सहयोग का वादा किया। ट्रूडो ने कहा, ''प्रस्तावित शुल्क को कम से कम 30 दिन के लिए रोक दिया जाएगा और हम साथ मिलकर काम करेंगे।''*

### कनाडा जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा : ट्रूडो

ट्रूडो ने कहा कि ट्रंप द्वारा शुल्क लागू करने के कदम को अस्थायी रूप से टाले जाने के बाद वह भी अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई रोक रहे हैं। शिनबाम ने भी घोषणा की कि ट्रंप ने मेक्सिको पर लगाए गए योजनाबद्ध शुल्क को एक महीने के लिए रोक दिया है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद यह फैसला किया गया।

### मेक्सिको फेंटेनाइल की तस्करी रोकेगा

'व्हाइट हाउस' ने भी एक बयान में इसकी पुष्टि की है। शिनबाम ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मेक्सिको तुरंत 'नेशनल गार्ड' के 10,000 सदस्यों की तैनाती के साथ उत्तरी सीमा को मजबूत करेगा, ताकि मेक्सिको से अमेरिका में फेंटेनाइल सहित मादक पदार्थों की तस्करी को रोका जा सके।''

### दोनों देश बातचीत जारी रखेंगे : शिनबाम

शिनबाम ने कहा कि अमेरिका भी मेक्सिको में शक्तिशाली हथियारों की तस्करी रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। मेक्सिको की राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा और व्यापार पर बातचीत जारी रखेंगे।

# गैरकानूनी जैमर, बूस्टर का असर दूरसंचार सेवाओं पर


### शैक्षणिक संस्थानों, घरों व फर्मों में लगे जैमर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार निकाय सीओएआई ने दूरसंचार विभाग से कहा है कि शैक्षणिक संस्थानों, घरों और फर्मों में गैरकानूनी जैमर एवं बूस्टर लगाए जाने से मोबाइल नेटवर्क सेवा की गुणवत्ता खराब हो रही है।

- मोबाइल नेटवर्क सेवा की गुणवत्ता खराब हो रही

सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने दूरसंचार विभाग को गैरकानूनी जैमर एवं बूस्टर के खिलाफ कार्रवाई करने और सभी राज्यों को पत्र लिखकर सूचित करने का अनुरोध किया है कि ऐसे उपकरणों का उपयोग दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत अपराध होने से तुरंत रोका जाना चाहिए। सीओएआई के महानिदेशक एस पी कोचर ने कहा कि ऐसे कई मामले हैं जिनमें दूरसंचार नेटवर्क की नियमित निगरानी के दौरान कमजोर सिग्नल देखा गया है। इसकी वजह से उपभोक्ताओं को कॉल कटने और सुस्त डेटा रफ्तार की समस्या झेलनी पड़ रही है।



### सरका जुर्माना लगाए

सीओएआई ने सरकार से अनुरोध किया है कि वह अवैध बूस्टर और जैमर की बिक्री में लगे ऑनलाइन मंचों को दोबारा नोटिस जारी करे या जुर्माना लगाए।

कोचर ने कहा, ''विश्लेषण में यह सामने आया कि सिग्नल के 'स्ट्रेंथ' मापदंडों में गिरावट की मुख्य वजह शैक्षणिक संस्थानों/ स्कूलों द्वारा सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक अनुमोदन लिए बगैर जैमर लगाना और घरों/ कंपनियों द्वारा अवैध बूस्टर लगाना है।'' उद्योग निकाय ने ई-कॉमर्स मंच अमेजन पर कथित तौर पर बेचे जा रहे बूस्टर लिंक भी साझा किए। हालांकि, वायरलेस पावर कंसोर्टियम (डब्ल्यूपीसी) ने बूस्टर की ऑनलाइन बिक्री को रोकने के लिए नोटिस किया है लेकिन अभी भी ये बूस्टर इन मंचों पर उपलब्ध हैं।

# खतरे की वजह से नहीं समेटा कारोबार : हिंडनबर्ग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी अनुसंधान एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नैट एंडरसन ने कहा है कि वह अपनी कंपनी का कारोबार किसी कानूनी या अन्य खतरे के कारण नहीं समेट रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह उनके द्वारा जारी की गई सभी रिपोर्ट पर अब भी कायम हैं।

- कारोबार किसी खतरें के कारण नहीं समेटा

एंडरसन ने बातचीत में बताया कि हिंडनबर्ग की जनवरी, 2023 की रिपोर्ट जिसमें अदाणी समूह पर ''कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी धोखाधड़ी'' का आरोप लगाया गया था, वह मीडिया में समूह के खिलाफ प्रसारित खबरों का परिणाम थी।




### मैंने आसाम करने का फैसला किया

एडंरसन ने कहा, 'मैंने अब आराम करने का फैसला क्यों किया - यह सब पत्र (16 जनवरी को जारी, जिसमें हिंडनबर्ग का कारोबार समेटने की घोषणा की गई थी) में लिखा है। यह किसी धमकी, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे, व्यक्तिगत मुद्दे या अन्य किसी कारण से नहीं लिया गया है।

उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके समूह के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने के बाद यह कंपनी चर्चा में आ गई थी। हालांकि, अदाणी समूह ने रिपोर्ट में लगाए गए सभी आरोपों का बार-बार खंडन किया है।

# सोने में उछाल जारी, 85,800 रुपए के नए उच्चस्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मजबूत मांग के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार पांचवें सत्र में तेजी जारी रही और यह 500 रुपये बढ़कर 85,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 85,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस साल सोना, एक जनवरी के 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के मुकाबले 6,410 रुपये या 8.07 प्रतिशत बढ़कर 85,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी लगातार पांचवें सत्र में बढ़ा और मंगलवार को 500 रुपये के उछाल के साथ 85,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी की कीमतों में पांच दिन की तेजी का सिलसिला टूट गया और यह 500 रुपये के नुकसान से 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोमवार को चांदी 96,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

- सोने में लगातार पांचवें दिन उछाल रहा



### सोना वायदा नए उच्चस्तर पर

सोमवार को सोना वायदा 2,872 डॉलर प्रति औंस के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया था। अबन्स होल्डिंग्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता के अनुसार, वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच सोमवार को सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया, जिससे निवेशकों को उच्च प्रीमियम पर सुरक्षित-निवेश विकल्प माने जाने वाली धातु की ओर रुख करना पड़ा।

## बिजनेस साइट

# वर्ल्ड कैंसर डे पर संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन और रोटरी रायपुर का जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर। वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन और रोटरी रायपुर द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के कई प्रमुख कैंसर विशेषज्ञों और सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. यूसुफ मेमन और रोटरी रायपुर के प्रेसिडेंट नवीन शर्मा सहित अन्य प्रमुख वक्ताओं ने इस कार्यक्रम में कैंसर के शुरुआती लक्षणों, रोकथाम, उपचार, और पेलिएटिव केयर पर चर्चा की। इस अवसर पर संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. यूसुफ मेमन ने कहा कि धूम्रपान और तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इससे मुंह, फेफड़ा में कैंसर जैसी बीमारी हो सकती है। इनका सेवन करने वाले मरीज खुद तो इस बीमारी के शिकार होते ही हैं, वे अपने आस-पास के लोगों को भी इस बीमारी का शिकार बनाते हैं। वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्पण चतुर्मोहता ने कैंसर की शुरुआती पहचान और नियमित जांच के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बताया कि समय पर उपचार से कैंसर से पीड़ित मरीजों के जीवन में सुधार हो सकता है। डॉ. कल्याण पांडेय ने लोगों को सही समय पर उपचार कराने के लिए जागरूक किया।




# बालको मेडिकल सेंटर ने वर्ल्ड कैंसर डे पर आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

रायपुर। मध्य भारत के प्रमुख कैंसर अस्पताल बालको मेडिकल सेंटर ने वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर कैंसर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया। इन कार्यक्रमों में लोगों को कैंसर के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ विभिन्न कैंसर जांच सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। बलौदाबाजार में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जहां अत्याधुनिक मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन द्वारा निशुल्क मैमोग्राफी, पैप स्मीयर, और मौखिक जांच की सुविधाएं दी जा रही हैं। इस शिविर में प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञों द्वारा परामर्श भी उपलब्ध हुआ। साथ ही एक वैरिएंट कैंसर विषयी द्वार कैंसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया, जो ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से लोगों तक पहुंचा। इस परिचर्चा में कैंसर से बचाव और समय पर पहचान के महत्व पर जोर दिया गया। इसके अलावा, बालको मेडिकल सेंटर में एक वाकथॉन का आयोजन भी किया, इस आयोजन का उद्देश्य कैंसर से लड़ रहे लोगों को उत्साह और समर्थन देना है। साथ ही, बालको मेडिकल सेंटर में इस मौके पर मैमोग्राफी जांच में 50% की छूट, कैंसर जांच पैकेज पर 20% की छूट, और दवाइयों पर 10% की छूट दी जा रही है।




# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने फ्री कैंसर स्क्रीनिंग कैंप और जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

रायपुर। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने मंगलवार को एक फ्री कैंसर स्क्रीनिंग कैंप और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दिन का मुख्य उद्देश्य कैंसर की जांच, रोकथाम और बेहतर इलाज के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। हर साल लगभग 20 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिनमें स्तन, बच्चेदानी और मुँह का कैंसर प्रमुख होते हैं। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कैंसर से जुड़ी जानकारी दी गई और मरीजों को इसके जल्दी पता चलने और इलाज के महत्व के बारे में बताया गया। मेडिकल विशेषज्ञों, जैसे डॉ. रवि जायसवाल, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. चेतना रमानी और डॉ. सुबुही नकवी ने इस अवसर पर कैंसर के इलाज और जांच के नए तरीकों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत मरीन ड्राइव में एक वॉकथॉन (वॉकिंग मैराथन) के साथ हुई, जिसमें डॉक्टर्स, सामुदायिक संगठन के सदस्य, एनजीओ प्रतिनिधि और कैंसर सर्वाइवर्स ने भाग लिया। यह वॉक कैंसर की रोकथाम और नियमित हेल्थ चेकअप के महत्व को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। इस कैंप में 500 से अधिक लोगों ने फ्री कैंसर स्क्रीनिंग का लाभ उठाया। डॉक्टरों और तकनीशियनों की टीम ने स्तन, बच्चेदानी और मुँह के कैंसर की जांच की। इसके अलावा रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया था, जिससे यह कैंप और भी प्रभावी बन सका। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के बारे में डॉ. संदीप दवे ने बताया कि यह अस्पताल 400 से अधिक बेड्स, 125 से ज्यादा आईसीयू बेड्स और एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस है।





चिंतन

# ट्रेडवार विश्व व्यापार नियमों का उल्लंघन

अमेरिका में ट्रंपवाद की शुरुआत संरक्षणवाद और टैरिफ वार से हुई है। अमेरिका ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए चीन, कनाडा व मेक्सिको के खिलाफ नए टैरिफ आयद किए हैं। अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है और उन्हें अपने काले पानी जैसी जगह ग्वांतानामो बे जेल भेजने की धमकी दी है। प्रतिक्रिया में चीन ने भी मंगलवार को घोषणा की कि वह अमेरिका के खिलाफ कई उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगा रहा है। उसने अमेरिकी सर्च इंजन 'गूगल' की जांच सहित अन्य व्यापार संबंधी उपायों की भी घोषणा की है। चीन कोयला तथा तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) उत्पादों पर 15 प्रतिशत शुल्क व कच्चे तेल, कृषि मशीनरी, बड़ी कारों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। चीनी रिएक्शन के बाद विश्व में यूएस व चीन के बीच ट्रेड वार के फिर से छिड़ने की संभावना बढ़ गई है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी यूएस व ड्रैगन के बीच ट्रेडवार चरम पर था, इससे विश्व के व्यापार को सफर करना पड़ा था। जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका व चीन के बीच ट्रेडवार की स्थिति सामान्य हुई, विश्व में भी तनाव कम हुआ। अब ट्रंप ने अपनी दूसरी पारी संभालते ही ट्रेडवार शुरू कर दिया है। यह ट्रंप को पता है कि अमेरिका की एकतरफा शुल्क वृद्धि विश्व व्यापार संगठन के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। शुल्क वार से समस्याओं को हल करने में कोई मदद नहीं मिलेगी, बल्कि यह चीन तथा अमेरिका के बीच सामान्य आर्थिक व व्यापार सहयोग को नुकसान पहुंचाएगा।। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चीन पर लगाया गया 10 प्रतिशत शुल्क मंगलवार से लागू हो गया। इसके बाद चीन ने जवाबी शुल्क लगाए हैं। ट्रंप ने अगले कुछ दिनों में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बातचीत करने की योजना बनाई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने संबंधी एक आदेश पर गत शनिवार को हस्ताक्षर किए थे। हालांकि अमल पर एक माह के लिए रोक लगा दी गई है। चीन ने अमेरिकी सर्च इंजन कंपनी गूगल को भी अपनी जांच के राडार पर लिया है। चीन के 'स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन फॉर मार्केट रेगुलेशन' ने गूगल पर विश्वास विरोध (एंटीट्रस्ट) कानूनों के उल्लंघन के संदेह में जांच शुरू की है। यह सब जानते हैं कि ट्रेड वार से किसी का फायदा नहीं होता है, बल्कि विश्व के अनेक देश इसमें पीसे जाएंगे। जब दुनिया रूस व यूक्रेन जंग से गुजर रही है, पश्चिम एशिया में भारी उठापटक है, आपूर्ति तंत्र प्रभावित हो रहा है और ऊर्जा संकट की स्थिति पैदा होने की आशंका बढ़ रही है, ऐसे में दो आर्थिक महाशक्तियों- यूएस व चीन के बीच ट्रेडवार विश्व व्यापार नियम को प्रभावित करेगा, उत्पादों की कीमतें व लागत बढ़ेंगी। उच्च महंगाई दर के चलते वैश्विक ग्रोथ पहले से ही सुस्त है। अमेरिका ने अपनी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) को भी बंद करने का ऐलान किया है। इससे विश्व के अनेक विकासशील व अल्प विकसित देशों पर असर पड़ेगा। यहां स्वास्थ्य, जल, सफाई और स्वच्छता तथा जलवायु लचीलेपन से संबंधित प्रमुख कार्यक्रमों पर असर पड़ेगा। ट्रंप के अमेरिकी संरक्षणवाद को बढ़ावा देने से अमेरिकी साख पर ही आंच आएगी, उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा धूमिल होगी। चीन को अपनी डेट डिप्लोमेसी को विस्तार देने का अवसर मिलेगा। विश्व व्यापार नियमों का अमेरिका को पालन करना चाहिए और एकतरफा शुल्क आयद करने की कवायद से बचना चाहिए।



विश्लेषण

शिवप्रकाश

# विश्व मंच पर नरेन्द्र मोदी

विश्व जब कोरोना महामारी से ग्रसित था, तब प्रत्येक देश के सम्मुख अपने नागरिकों को बचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। ऐसे समय में भी 'जान भी – जहान भी' का उद्घोष कर अपने देश के नागरिकों को बचाते हुए कोरोना पीड़ित देशों के सहयोग का संकल्प कर 98 देशों को वैक्सीन मैत्री के अंतर्गत वैक्सीन उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया। अपने पड़ोसी देशों भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव सहित ओमान, बहरीन, मॉरीशस, सेशेल्स और निकारागुआ को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह हमारी संस्कृति के आदर्श वाक्य 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' को ही चरितार्थ करता है।

देश की बागडोर 2014 में संभालने के पश्चात एक दशक की अवधि में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया के 20 देशों ने अब तक अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। सम्मान देने वाले देशों में अमेरिका, यूरोपीय देश, रूस एवं कैरेबियाई देशों सहित अफगानिस्तान, सऊदी अरब, कुवैत जैसे मुस्लिम देश भी हैं। भारतीय लोकतंत्र में हुए समस्त प्रधानमंत्रियों की तुलना में प्रधानमंत्री मोदी जी को सर्वाधिक नागरिक सम्मान मिले हैं, जो भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्व में बढ़ते प्रभाव का परिचायक है।

विश्व नेतृत्व का भारत के प्रति यह आदर भाव 10 वर्ष में बढ़ती भारत की साख एवं मोदी जी के मैत्री पूर्ण व्यवहार के कारण है। प्रधानमंत्री मोदी ने पंचामृत (समृधि, सुरक्षा, सम्मान, संवाद, सभ्यता एवं संस्कृति) के आधार पर विदेश नीति का खाका तैयार किया जिसमें भारतीय हित सर्वोपरि था। अब तक दुनिया के 6 महाद्वीपों के 59 देशों की यात्रा कर भारत के साथ उन देशों के संबंध बनाने एवं भारतीय हितों को साधने का प्रयास किया है। विश्व जब कोरोना महामारी से ग्रसित था, तब प्रत्येक देश के सम्मुख अपने नागरिकों को बचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। ऐसे समय में भी 'जान भी - जहान भी' का उद्घोष कर अपने देश के नागरिकों को बचाते हुए कोरोना पीड़ित देशों के सहयोग का संकल्प कर 98 देशों को वैक्सीन मैत्री के अंतर्गत वैक्सीन उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया। अपने पड़ोसी देशों भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव सहित ओमान, बहरीन, मॉरीशस, सेशेल्स और निकारागुआ को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह हमारी संस्कृति के आदर्श वाक्य 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' को ही चरितार्थ करता है।

भारत से बाहर अन्य देशों में जाकर रहने वाले प्रवासी भारतीयों का उनके देशों के विकास में योगदान, भारत के विकास में उनकी भूमिका एवं भारतीय संस्कृति के विस्तार में योगदान अति महत्वपूर्ण कार्य है। वहां की लोकतांत्रिक प्रणाली में भी वह महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। भारतीय डायस्पोरा के इस महत्व को पीएम मोदी ने समझा। इस कारण वह दुनिया के जिस देश में गए, वहां भारतीय समुदाय को संबोधित कर भारत के साथ जुड़ने का कार्य उन्होंने किया। इस कारण भारतीय समुदाय की विश्व में प्रभावी आवाज़ बनी। मानवीय एवं प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रवासी भारतीयों को सुरक्षित लाने का कार्य जिस कुशलता के साथ भारत ने किया, उससे प्रत्येक प्रवासी नागरिक भारतीय होने पर गर्व का अनुभव करता है। भारत की अध्यक्षता में हुई जी-20 समिट के अवसर पर भारतीय संस्कृति का संदेश देने में भारत ने सफलता प्राप्त की। भारत के अलग-अलग शहरों में अलग-अलग विषयों पर समिट करा भारत को विश्व से जोड़ने एवं विश्व प्रतिनिधियों को भारत में जी-20 के अवसर पर मिले आदरपूर्ण व्यवहार ने विश्व को प्रभावित करने का कार्य किया। अफ्रीकी यूनियन के देशों को जी-20 में स्थाई सदस्यता दिलाने का ऐतिहासिक कार्य मोदी जी ने किया। विकास की दौड़ में पिछड़े हुए ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज़ को मुखर करने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी ने किया। पाकिस्तान से आतंकवादी हमला होने पर सर्जिकल स्ट्राइक एवं एयर स्ट्राइक करके हमने विश्व में सक्षम एवं शक्तिशाली देश की छवि बनाने में सफलता प्राप्त की है। आतंकवाद अच्छा या बुरा नहीं होता, केवल आतंकवाद ही होता है और यह मानवता के लिए खतरा है, यह बात संपूर्ण विश्व को समझाने में पीएम मोदी ने सफलता प्राप्त की है। वैश्विक समस्याओं जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर पहल एवं भारत की अग्रणी भूमिका, आर्थिक दृष्टि से सक्षम भारत बनाने के लिए आत्मनिर्भरता आदि के कारण भारत की विश्वसनीय देश की छवि बनी है। प्रधानमंत्री मोदी का प्रत्येक समस्या पर सकारात्मक एवं शांतिपूर्ण समाधान कारक दृष्टिकोण होने के कारण सभी समस्याओं के समाधान में भारत की भूमिका है, यह दुनिया का प्रत्येक नेता मानता है। यूक्रेन-रूस में मोदी ही समझौता करा सकते हैं, ऐसा युद्धरत देशों का यह विश्वास इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। हमने विश्व को युद्ध नहीं बुद्ध दिया है। यह मार्ग ही विश्व में शांति ला सकता है। प्रत्येक समस्या का समाधान युद्ध से नहीं संवाद से ही संभव है, यही प्रधानमंत्री मोदी का संदेश है। ग़रीब कल्याण की लिए मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियां, विश्व स्तरीय बनता हमारा ढांचागत विकास, उभरती अर्थव्यवस्था एवं विकसित भारत का हमारा संकल्प इन्हीं सबने प्रधानमंत्री मोदी को विश्व के अग्रणी नेताओं की प्रथम पंक्ति में लाकर खड़ा किया है। दुनिया के अलग-अलग देशों से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार उनकी वैश्विक छवि पर सशक्त हस्ताक्षर है। भविष्य का भारत विकास एवं विरासत के आधार पर खड़ा होकर विश्व को आलोकित करेगा, यह विश्वास है।



(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विस चुनाव

विवेक शुक्ला




# दिल्ली आज चुनेगी अपनी सरकार

आज पांच फरवरी को देश की राजधानी दिल्ली अपनी नई सरकार चुनेगी। आम आदमी पार्टी (आप) ने सत्ता पर बने रहने के लिए अपने एकछत्र नेता अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में कसकर चुनाव प्रचार किया। उधर,भाजपा ने भी कोशिश तो पूरी की है कि दिल्ली में 1996 के बाद फिर से कमल का फूल खिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा कई अन्य नेता जनता से वोट मांगते रहे। पिछले दो चुनावों में सिफर रहने के बाद कांग्रेस इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। कांग्रेस को लगता है कि उसने कभी 15 साल तक दिल्ली पर शासन किया था और वह फिर से सरकार बनाने की ताकत रखती है। याद नहीं आता कि इस बार के चुनाव से पहले कभी पार्टियों ने जनता के सामने वादों की इतनी बौछार कर दी हो। सिर्फ आसमान से चांद-तारे लाने के अलावा इन्होंने सब वादे किए जनता से। आप ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने, औरतों को डीटीसी में मुफ्त सफर की सुविधा देते रहने के अलावा भी तमाम वादे किए। हालांकि, उसे इस बार भ्रष्टाचार के कथित आरोपों से जूझना पड़ा। उसकी साफ-सुथरी इमेज पर ग्रहण लग चुका है शराब घोटाले के कारण। अरविंद केजरीवाल ने अपने भाषणों में चुनाव को 'दिल्ली के लिए काम करने वालों और इसे नष्ट करने की कोशिश करने वालों' के बीच की लड़ाई के रूप में पेश किया। आप ने अपने पारंपरिक वोट बैंक झुग्गियों और अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वालो खूब ध्यान केंद्रित किया। डोर-टू-डोर अभियानों और अपने विशाल स्वयंसेवी नेटवर्क के माध्यम से, आप ने सरकारी स्कूलों के परिवर्तन, मोहल्ला क्लीनिकों की सफलता और अपनी कल्याण योजनाओं की निरंतरता पर जोर दिया। उधर, भाजपा के लिए, यह चुनाव सिर्फ सीटें जीतने से कहीं अधिक है। पार्टी ने सघन चुनाव अभियान चलाया। आप के शासन में भ्रष्टाचार, घोटालों और दिल्ली और पंजाब में कथित अधूरे वादों को आक्रामक रूप से पेश किया। भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कम से कम एक दर्जन केन्द्रीय मंत्री चुनाव प्रचार करते रहे। धामी ने पटपड़गंज, नई दिल्ली, करोल बाग, पटेल नगर, संगम विहार में सभाएं और रोड शो किए। इन सब सीटों में मूल रूप से देवभूमि के हजारों मतदाता रहते हैं। ये कमोबेश भाजपा के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने राजधानी भर में कई रैलियों को संबोधित किया। उनके भाषणों में केजरीवाल के शासन के दौरान हुए कथित घोटालों, वित्तीय कुप्रबंधन और रुकी हुई विकास परियोजनाओं पर फोकस था। भाजपा ने इस बार कई दिग्गज उम्मीदवारों को मैदान में उतारा - जिनमें पूर्व सांसद और प्रतिद्वंद्वी दलों से आए हाई-प्रोफाइल नेता हैं। इनमें पार्टी के पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा और आप सरकार में परिवहन मंत्री कैलाश गौतम शामिल हैं। पार्टी ने अपने बूथ-स्तरीय जुटाव को भी मजबूत किया और केजरीवाल और उनके प्रशासन पर अपने हमलों को बढ़ाने के लिए व्यापक रोड शो आयोजित किए और एक मजबूत सोशल मीडिया अभियान चलाया। आप और भाजपा की हाई-वोल्टेज रैलियों से दूर, कांग्रेस ने एक अलग रास्ता बनाया। कांग्रेस के नेता महंगाई, प्रदूषण, बेरोजगारी और नागरिक कुप्रबंधन के बारे में बात करते रहे। दिल्ली में एक दशक से अधिक समय तक राजनीतिक बनवास झेल रही कांग्रेस के लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने कई रैलियां की। कांग्रेस ने चुनाव से महीनों पहले दिल्ली न्याय यात्रा और मतदाताओं के साथ फिर से जुड़ने का अभियान चलाया हुआ था। कांग्रेस का मुख्य संदेश रहा है - आप और भाजपा दोनों ने दिल्ली के साथ इंसाफ नहीं किया; वही दिल्ली में विकल्प है। पर कांग्रेस सारी दिल्ली में नजर नहीं आई। कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा दो दर्जन सीटों में मजबूती से चुनाव लड़ी। इनमें नई दिल्ली, मुस्तफाबाद, चांदनी चौक, ओखला, कस्तूरबा नगर,जंगपुरा,मादीपुर सीटें शामिल हैं। विश्वास नगर, शाहदरा, कृष्णा नगर वगैरह में कांग्रेस के पोस्टर तक नजर नहीं आए।

भाजपा को यकीन है कि बनिया, पंजाबी और मिडिल क्लास वोटर के अलावा उसे उन मतदाताओं के भी वोट मिलेंगे जो मोदी जी को अपना नेता मानते हैं। भाजपा ने इस बार झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों और अनधिकृत बस्तियों पर भी काफी फोकस किया है। बजट में मिडिल क्लास को टैक्स में भारी छूट के बाद उनका वोट इस बार भाजपा को मिलने की संभावना जताई जा रही है। कोई माने या ना माने, पर दिल्ली पर राज करने के लिए असली लड़ाई तो आप और भाजपा में ही है। कांग्रेस अपने को फिर से दिल्ली में प्रासंगिक बनाने के लिए ही चुनाव लड़ी है। अभी के संकेतों से लग रहा है कि आप बाकी से कुछ आगे अवश्य़ है। पर हमने हाल के दौर में महाराष्ट्र और हरियाणा में चौकाने वाले नतीजे आते देखे हैं। अंतिम फैसला तो आठ फरवरी को ही होना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# छोटे-छोटे संकल्प बढ़ाते हैं आत्मविश्वास



संकलित

दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

# मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा




संकलित

प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

अंतर्मन




आज की पाती

## प्रयागराज में भीड़ से निपटने पुलिस अलर्ट मोड पर

भगदड़ के बाद प्रयागराज में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। भीड़ से निपटने और किसी अप्रिय घटना से बचने के सारे प्रयास किए जा रहे हैं। प्रयागराज में अब तक 34 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान किया है। रेलवे प्रशासन के कुशल नेतृत्व के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद प्रेषित किया। महाकुंभ में वाहनों की आगामी दिनों नो एंट्री का बोर्ड लगा दिया है। पुलिस सचेत नजर आ रही है। पुलिस सुरक्षा पर विशेष निगरानी रख रही है। हर तरफ सैलाब से मेला प्रशासन अलर्ट पर है। अब कोई अप्रिय घटना न हो, उसके लिए 24 घंटे निगरानी में पुलिस महकमा लग गया है। नो एंट्री में व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए कोई प्रवेश नहीं कर सकता है। उस पर सख्ती बरती जा रही है।

*-कांति लाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

## आप-दा नेताओं के घोटाले

दिल्ली की बसों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन लगना था लेकिन आप-दा सरकार ने नहीं लगाया। केजरीवाल के नेतृत्व में आप-दा नेताओं ने 4,500 करोड़ रुपये का घोटाला बस खरीदी में किया। सीसीटीवी कैमरा के नाम पर 571 करोड़ का घोटाला किया।

-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष



## नई दृष्टि की जरूरत

देश को विकास, उत्पादन और भागीदारी के लिए नई दृष्टि की आवश्यकता है - एक जो सीधे तौर पर हमारी दो सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करती है, नौकरी संकट और 90% भारतीयों के लिए अवसर की कमी।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



## डीएनए और आरएनए

शोधकर्ताओं ने पाया कि डीएनए और आरएनए एपिजेनेटिक्स अधिक परस्पर जुड़े हो सकते हैं। एक मौलिक सफलता में, यह खोज 'एपिजेनेटिक दवाओं' पर आधारित उपचारों के विकास के माध्यम से कैंसर के उपचार को आगे बढ़ा सकती है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी



## एआई से आएगी बेहतरी

एआई केवल उन लोगों के लिए डरावना है जो परिवर्तन से डरते हैं। एआई अस्तित्वगत और सामाजिक परिवर्तन है। वे एआई में संभावित अराजकता देखते हैं। एआई संभावित रूप से उनके जीवन को बेहतरी में बदल देगा। -शेखर कपूर, फिल्मकार



करंट अफेयर

# सुरक्षा परिषद में सुधार को लेकर प्रतिबद्ध हो सदस्य देश

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने कहा है कि इस साल संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के 80 वर्ष पूरे हो रहे हैं और ऐसे में यह आवश्यक है कि इसकी स्थापना जिस उद्देश्य के लिए की गई थी वह उस पर खरा उतरे। यांग ने सभी सदस्य देशों से सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए संकल्पबद्ध होने का आह्वान किया।यांग संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर चार से आठ फरवरी तक भारत में रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक संस्था को यह स्वीकार करना चाहिए कि समय के साथ इसमें बदलाव की आवश्यकता है। यांग ने यहां दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, मेरा मानना है कि संयुक्त राष्ट्र के लिए यह जरूरी है कि वह अपने उद्देश्यों के अनुरूप काम करे, ताकि वैश्विक घटनाओं से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों का बेहतर तरीके से समाधान किया जा सके। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र की स्थापना को 80 साल पूरे हो जाएंगे, इसलिए हमें समय के साथ होने वाले बदलाव से तालमेल बिठाने की जरूरत को स्वीकार करना चाहिए। 1945 के मुकाबले भू-राजनीतिक परिदृश्य बिल्कुल बदल गया है।



ऑफ बीट

# ठंडे कंबल रात को सोने में आपको मदद कर सकते हैं

नींद की गुणवत्ता नींद के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण घटक है जो यह सुनिश्चित करती है कि आपको रात की अच्छी नींद से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभ मिले। नींद के लिए आदर्श तापमान मौसम और आपके बिस्तर के प्रकार पर निर्भर करता है, लेकिन यह 17 डिग्री सेल्सियस और 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। अपने सोने के माहौल को इस सीमा के भीतर रखने से आपको रात का सबसे अच्छा आराम पाने में मदद मिलेगी। तो ठंडे कंबल क्या हैं? ठंडक देने वाले कंबल आपके सोते समय आपके शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इनके डिज़ाइन और निर्माण में विभिन्न तकनीकों और सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। आप जिस प्रकार के उपभोक्ता-श्रेणी के ठंडे कंबलों का विज्ञापन देख सकते हैं, उनमें हल्के, सांस लेने योग्य सामग्रियों के मिश्रण का उपयोग किया जाता है जो त्वचा से नमी खींचते हैं और आपको रात भर ठंडी राहत प्रदान करने एवं शुष्क बनाए रखने में मदद करते हैं। वे सामान्य कंबल की तरह दिखते हैं। सामान्य सामग्रियों में कपास, बांस, रेशम या फाइबर लियोसेल शामिल हैं। ये सभी नमी को अवशोषित करते हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# मध्यप्रदेश बन रहा रोजगार का बड़ा हब

### भोपाल में 24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

# उभरते बाजार पर विचार करने का मंच मेगा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

यह मंच ग्लोबल लीडर्स, उद्योगपतियों और एक्सपर्ट्स को उभरते बाजार पर अपने विचार साझा करने और मध्यप्रदेश की निवेश क्षमता का फायदा उठाने के तरीकों पर चर्चा करने का अवसर देगा । मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार की औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग के नेतृत्व में ये कार्यक्रम हो रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश में मौजूद निवेश के माहौल और औद्योगिक ढांचे को दिखाना है,जो साझेदारी के लिए असीमित अवसर प्रदान करता है। भोपाल के राजधानी बनने के बाद यह यहां होने वाले सबसे बड़े आयोजनों में से एक है। 30 से अधिक देशों ने इसमें शामिल होने की सहमति दे दी है। आयोजन में 15 हजार से ज्यादा लोग हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही इस समिट में कई विशेष प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। 'एक जिला, एक उत्पाद' की अनूठी प्रदर्शनी इसका आकर्षण केंद्र रहेगी। इसके अलावा यहां की आदिवासी जिंदगी से परिचित होने के लिए यह स्थान एक आकर्षण का केंद्र बन रहा है। मध्यप्रदेश देश का सबसे ज्यादा आदिवासियों वाला प्रदेश है। इस साल का पहला ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में हो रहा है। 2 दिन के समिट में 15 हजार से ज्यादा इन्वेस्टर्स शामिल होंगे। फरवरी में भोपाल में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में कई देशों के उद्योगपति के साथ साथ स्टार्ट-अप कंपनियां भी आ रहीं हैं। देशभर से जीइएस में उद्योग प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस विशाल आयोजन में जापान, जर्मनी, इंगलैंड, समेत 20 से अधिक देशों के 1 हजार से अधिक निवेंशक शामिल हो रहें हैं।

- 30 से अधिक देश समिट में शामिल हो रहे हैं
- आयोजन में 15 हजार लोग शामिल हो रहे हैं




जापान जर्मनी और अमेरिका से आ रहे हैं निवेशक

### रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव से बढ़ रहे उद्योग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्कलेव का आयोजन किए जाने से उज्जैन सहित प्रदेश में देश व विदेश की बड़ी कंपनियां आना शुरू हुई है। यह पहली बार है कि बड़े औद्योगिक घरानों ने अपने उद्योग स्थापित करने की शुरुआत भी कर दी।



### प्रधानमंत्री मोदी 24 फरवरी को समिट में शामिल हो रहे हैं

*इससे पहले 26 जनवरी को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जानकारी दी थी कि इस समिट का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। भोपाल के राजधानी बनने के बाद यह यहां होने वाले सबसे बड़े आयोजनों में से एक है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी 24 फरवरी को शिरकत करेंगे।*

### 1200 करोड़ का प्रोजेक्ट और दो हजार लोगों को रोजगार

वोल्वो आयशर कंपनी करीब 400 करोड़ का प्रोजेक्ट उज्जैन में शुरू कर रहा है। इसके लिए मप्र औद्योगिक क्षेत्र विकास निगम (डीएमआईसी) द्वारा आयशर कंपनी को देवास रोड स्थित विक्रम उद्योगपुरी में जमीन का आवंटन किया जा चुका है, जिसमें ट्रक-बस की यूनिट शुरू हो सकेगी। इस प्रोजेक्ट से दो हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। दूसरे चरण में देश की प्रसिद्ध ट्रैक्टर निर्माता कंपनी मेसर्स वीई कॉमर्शियल वाहन करीब 800 करोड़ रुपए इन्वेस्ट कर रही है। इस तरह से कुल 1200 करोड़ का यह प्रोजेक्ट उज्जैन में आकार लेगा। इससे उज्जैन की पहचान ऑटो मोबाइल के क्षेत्र में तो होगी ही साथ ही बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियां भी विक्रम उद्योगपुरी में आने के लिए प्रेरित होंगी। अंतरराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको, टॉमी व फेना डिटरजैंट, सुधाकर पाइप, सीपी पेंटस आदि कंपनियों के बाद अब एमएस वीई कॉमर्शियल व्हीकल लिमिटेड भी उज्जैन में आ रही है।



### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विदेश यात्राएं रंग लाईं

# औद्योगिक निवेश में देश दुनिया से मिल रहा अप्रत्याशित प्रतिफल




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव इस वक्त पूरी ताकत के साथ प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के काम में जुटे हुऐ हैं। इसके लिए वे देश विदेश से निवेश के लिए प्रयासरत हैं और इन्वेस्टर समिट आयोजित कर कंपनियों को लाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके प्रयास रंग भी ला रहे हैं। हाल ही में ब्रिटेन,जर्मनी और जापान के उद्योगपतियों से मुलाकात की है और उन्हे मध्यप्रदेश के संबंध में जानकारी देकर उन्हे निवेश के लिए आकर्षित करने में सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान की यात्रा के दूसरे दिन 29 जनवरी को जापान के विदेश मामलों के मंत्रालय में पार्लियामेंट्री वाइस मिनिस्टर हिसाशी मात्सुमोतो सहित कई उद्योगपतियों से मुलाकात की। उन्होंने सभी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया। इन चर्चाओं के दौरान मध्यप्रदेश में कई तरह के निवेश को लेकर भी चर्चा हुई। खासकर मेडिकल और टायर कंपनियों ने प्रदेश में निवेश करने में रुचि दिखाई। सीएम यादव ने सभी उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश की विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि अगर वे प्रदेश में निवेश करते हैं तो सरकार उनकी हर तरह से मदद करेगी।

### मप्र का दौरा करने को उत्सुक जापान की रेलवे कंपनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ईस्ट जापान रेलवे कंपनी के चेयरमैन और जापान बिजनेस फेडरेशन के साउथ एशिया के अध्यक्ष यूजी फुकासावा से मुलाकात की। इस दौरान जापान की रेलवे टीम के सदस्यों ने कहा कि वे मध्यप्रदेश में विजिट करने के लिए उत्साहित हैं। फुकासवा ने मध्यप्रदेश का दौरा करने और राज्य के साथ पारस्परिक लाभकारी सहयोग के अवसरों को तलाशने में गहरी रुचि व्यक्त की। इस दौरान विश्व प्रसिद्ध जापानी रेलवे तकनीक पर भी चर्चा की गई। गौरतलब है कि जापान की रेलवे तकनीक विश्व विख्यात है। टीम ने सीएम यादव को यह भी बताया कि उनकी मुलाकात भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी हो चुकी है।



### जापान की ये कंपनी कर रही बड़ा निवेश

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। सीएम यादव ने उन्हें जीआईएस के लिए आमंत्रित किया। इस बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि भारत और जापान के गहरे संबंध हैं। जेट्रो के प्रतिनिधियों ने कहा कि ब्रिजस्टोन कंपनी चाहती है कि वह इंदौर में बड़े स्तर पर टायर का व्यवसाय शुरू करें। क्योंकि, भारत में एसयूवी सेग्मेंट की गाड़ियों की बिक्री बहुत बढ़ गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जीआईएस जापानी कंपनियों के लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का बड़ा मौका है। उन्होंने यह भी कहा कि जीआईएस के लिए जापान की कई कंपनियों को आमंत्रित करने में जेट्रो मध्यप्रदेश सरकार की पूरी मदद करेगा।*

### अब तक 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुईं आयोजित

- *उज्जैन में 1-2 मार्च को हुई, जिसमें एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए*
- *जबलपुर में 20 जुलाई को हुई, जिसमें 22 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए*
- *ग्वालियर में 28 अगस्त को हुई, जिसमें 8 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए*
- *सागर में 27 सितंबर को हुई, जिसमें 23 हजार 181 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए*
- *रीवा में 23 अक्टूबर को हुई, जिसमें 30 हजार 814 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए*
- *नर्मदापुरम में 7 दिसम्बर 2024 को हुई जिसमें 31 हजार 800 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए*
- *शहडोल में 16 जनवरी 25 को हुई, जिसमें 30 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए*

### ये है सीएम डॉ.यादव के काम करने का सटीक तरीका

# इधर जर्मनी में बात की उधर भोपाल में अलॉट हो गई जमीन



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का काम करने का तरीका काफी अलग है। वे तत्काल निर्णय लेते हैं और तत्काल उस पर अमल करते हैं। हीलाहवाली जैसा शब्द उनके शब्दकोश में नहीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जर्मनी यात्रा के दौरान वहां से संदेश दिया है कि भारत और जर्मनी के बीच हमेशा से अच्छे संबंध रहे हैं। जर्मनी से मध्यप्रदेश के लिए प्रत्येक सेक्टर में अनेक प्रस्ताव मिले हैं। प्रदेश में एग्रीकल्चर, एआई, हेल्थ, एजुकेशन, नई तकनीक और हैवी इंडस्ट्रीज सहित अन्य सभी क्षेत्रों में निवेश के लिए अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

मध्यप्रदेश न केवल भारत बल्कि वैश्विक निवेश का अगला प्रमुख केंद्र बनने की पूरी क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की जर्मनी यात्रा ने प्रदेश के औद्योगिक विकास को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।



सीएम यादव ने जर्मनी में निवेशकों से मिलने के बाद एसीईडीएस को भोपाल में भूमि आवंटित की। यह निर्णय मध्यप्रदेश को वैश्विक औद्योगिक मानचित्र पर एक नए केंद्र के रूप में स्थापित किया। भोपाल के अचारपुरा में जर्मन कंपनी एसीईडीएस लिमिटेड को 27,200 वर्गमीटर (6.72 एकड़) जमीन आवंटित की गई है। इस समझौते के तहत कंपनी ने भोपाल में अपनी औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रूपए से ज्यादा का प्रस्ताव दिया है। इस कम्पनी की स्थापना से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। इस उद्योग की स्थापना से एक्स-रे मशीन निर्माण एवं अन्य उपकरण, सौर ऊर्जा पॉवर प्लांट सहित नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा।

### मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिए बेहतर माहौल तैयार हो चुका है

जानकारों का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ.यादव की इस यात्रा ने यह साबित कर दिया है कि मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिए अब ऐसा माहौल तैयार हो चुका है, जहां व्यापार को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। उनकी दूरदर्शी सोच और निवेशकों के प्रति सकारात्मक रवैये ने ही जर्मन कंपनी को प्रदेश में अपने विस्तार की प्रेरणा दी है। भोपाल में जर्मन कंपनी एसीईडीएस को भूमि आवंटन मात्र एक शुरुआत है। यह साझेदारी न केवल औद्योगिक विकास की एक नई लहर लाएगी, बल्कि इसे प्रदेश के समग्र विकास के रूप में देखा जा रहा है।

D-16090/24

लोकगीत

डा. विजय चौरसिया

## आदिवासी बैगाओं का रीना नृत्य



हमारे आदिवासी बाहुल्य अंचल में बैगाओं द्वारा वर्ष भर चलने वाले तीज त्योहार में महिलाएं और पुरुष विभिन्न वेशभूषा में संगीत की धुन में कदम ताल मिला कर नृत्य करते हैं। इन्हीं में रीना गीत और नृत्य का आयोजन मुख्यतः स्त्री प्रधान होता है। दिवाली के समय इस गीत और नृत्य का आयोजन प्रारम्भ होता है। यह प्रतिस्पर्धात्मक लोक नृत्य है जिसे एक गांव की स्त्रियां दूसरे गांव में जाकर नाचती और गाती हैं। इसमें स्त्रियों की दो कतारें आमने सामने अर्द्धचंद्राकर गोले में रहते हैं। सामने की ओर वे गीत और लय के साथ झुक कर ताली बजाती हैं और दाएं बाएं छोटे छोटे पद ताल देती हैं। रीना गीत का प्रत्येक छंद ऊंचे स्वर पर समाप्त होता है। इनके पैरों की ताल लहकी करमा नृत्य से मिलती जुलती है। स्त्रियों के हाथ में लकड़ी की चुटकी रहती है। मांदर और टिमकी लय पर रीना नृत्य तीन प्रकार की तालों के साथ नाचा जाता है -

री रीना दउवा काहे मारे
काहे मारे दउवा
अमरैया में काहे मारे
री रीना दउवा काहे मारे।

सुरता

आचार्य सरयूकांत झा

## राजा के दरबार में राजगुरु नरेंद्र नाथ



राज गुरु नरेंद्र नाथ ठाकुर बड़े ज्ञानी थे। राजा साहब उनसे सदैव सलाह मशविरा कर निर्णय लिया करते थे। गुरुजी राजमहल में स्थापित मां दंतेश्वरी की पूजा राजा साहब से तांत्रिक विधि से कराते थे। राज गुरु महाराज ने काशी में रह कर संस्कृत का उच्च अध्ययन किया था, उन्होंने प्रकांड विद्वानों से शिक्षा पाई थी। तांत्रिक विधि से शिक्षा उन्होंने अपने कुल गुरु से मिली थी। अपने पिता प. रविनाथ ठाकुर के बाद राज गुरु का पद इन्हें दिया गया था। अपने पांच भाइयों में आप चौथे क्रम में थे, पर विद्या, ज्ञान, अनुभव और चरित्र के प्रभावशाली व्यक्तित्व के आधार पर पिता ने इन्हें राजगुरु पद पर अधिष्ठित किया था। गौर वर्ण के स्वस्थ और आकर्षक व्यक्तित्व वाले राजगुरु महाराज सदैव लाल रंग की धोती और अन्य अंग वस्त्र धारण करते थे। माथे में भस्म का त्रिपुंड और गले में लंबी रुद्राक्ष की माला होती थी। उनके निवास के मुख्य कक्ष में देवी माता विराजित थी। राज गुरु परंपरा के निर्वहन करने वाले गुरुओं को यह कहते देखा गया कि हमारी राजाओं से सीधे संपर्क होने के कारण हमारे प्रति काफी आदर भाव और सम्मान होता था। गुरुजी के रूप में उनके संबोधन में गरिमा का भाव जागृत होता था। आज राजे रजवाड़े के साथ राजगुरु पद भी काल के गाल में समा गया।

जनजाति विशेष

डा. रामचंद्र सिंहदेव

## शिकार करना मुख्य कार्य रहा चेरवा जाति का



भुईहार, गोंड और चेरवा जाति के लोगों को पैदाइशी शिकारी माना जाता था। यह धनुष का उपयोग करते थे। तीर के नीचे भाग में जहर लगाते थे। रात के समय कुछ लोग आपस में मिल कर गिरोह बना लेते थे और वन में उस जगह जाते थे, जहां हिरण, या खरगोश आदि मिलने की संभावना होती थी। मशाल के बदले में यह लोग एक मटके का उपयोग करते थे, जिसमें एक और तीन व्यास का एक गोल सुराख बना होता था। घड़े में बांस की डंडिया जला कर डाल दी जाती थी। इन डंडियों से उत्पन्न आग की लपटें उस सुराग से बाहर प्रकाश फेंकती थी, यही रोशनी मशाल का काम करती थी। शिकार करने के लिए पालतू तीतर, पेड़ों की गोंद का उपयोग किया जाता था। इससे कबूतर, मैना, पड़की, तोते, खरगोश, सांभर और जंगली सुअर का शिकार करते थे। जहर में बुझे तीरों से मारे गए जानवर का मांस खाते समय शिकारियों को बहुत सावधानी से काम लेना पड़ता था। तीर से बने घाव के आसपास का मांस काट कर अलग कर दिया जाता था, इसे वे फेंक देते थे। जहरीले तीरों से मारे गए प्राणियों का मांस खाने के परिणाम स्वरूप कई गंभीर घटनाएं भी हुआ करती थीं।

छत्तीसगढ़ की महान साहित्यिक विभूतियों में पंडित लोचन प्रसाद पांडे का नाम अमिट अक्षरों में दर्ज है। उनके लिखे 119 साल पुराने नाटक ' कलि काल ' को छत्तीसगढ़ी भाषा का पहला नाटक माना जाता है जो 1905 में छपा था। छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य को समृद्ध बनाने में उनका ऐतिहासिक योगदान रहा। वे सिद्धहस्त साहित्यकार तो थे ही, साथ ही इतिहासकार और पुरातत्वविद भी थे।



# छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रथम नाट्य लेखक पं. पांडेय



लोक नाट्य : स्वराज करुण

साहित्य मनीषी पंडित लोचन प्रसाद जी का जन्म बिलासपुर राजस्व संभाग में महानदी के किनारे ग्राम बालपुर में 4 जनवरी 1887 को हुआ था। निधन 8 नवम्बर 1959 को हुआ। यह गांव पहले बिलासपुर जिले में था। अब जांजगीर -चाम्पा जिले के अंतर्गत है। उनका गांव बालपुर जिला मुख्यालय रायगढ़ के नज़दीक है । पंडित लोचनप्रसाद पाण्डेय, आधुनिक हिन्दी काव्य जगत में छायावाद के प्रवर्तक के रूप में प्रसिद्ध और पद्मश्री सम्मानित स्वर्गीय मुकुटधर पाण्डेय के बड़े भाई थे ।

आधुनिक हिन्दी साहित्य का वह उद्भव काल था ,जब लोचन प्रसाद पाण्डेय और उनके छोटे भाई मुकुटधर पाण्डेय की रचनाएं देश की अनेक प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में छपने लगी थीं। लोचन प्रसाद जी हिन्दी ,छत्तीसगढ़ी ,उर्दू ,संस्कृत ,अंग्रेजी और ओड़िया भाषाओं के विद्वान थे ।

उल्लेखनीय है कि 'लरिया ' छत्तीसगढ़ी की एक उप -बोली है ,जो ओड़िशा से लगे हुए छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों में प्रचलित है।



पांडेय जी का जन्म ग्राम बालपुर और उनकी कर्मभूमि रायगढ़ भी ओड़िशा के सरहदी इलाके में स्थित है। इसलिए उनके लिखे इस छत्तीसगढ़ी नाटक की भाषा में में 'लरिया 'का असर होना बहुत स्वाभाविक है। उनकी विभिन्न साहित्यिक विधाओं में लगभग 40 पुस्तकों का प्रकाशन हुआ । इनमें तीन ओड़िया भाषा की और चार अंग्रेजी भाषा की किताबें भी शामिल हैं। वह इतिहास और पुरातत्व के भी अच्छे जानकार थे, उन्होंने वर्ष 1923 में छत्तीसगढ़ गौरव प्रचारक मण्डली की भी स्थापना की थी ,जो आगे चलकर 'महाकौशल इतिहास परिषद ' बनी। लोचनप्रसाद जी ने छत्तीसगढ़ के इतिहास और पुरातत्व को देश और दुनिया के सामने लाने के लिए भी अथक परिश्रम किया। अपने गहन अध्ययन और अपनी खोजी नज़र से उन्होंने कई प्राचीन ताम्रपत्र और शिलालेख आदि ढूँढ़ निकाले। उन्होंने रायगढ़ जिले में सिंघनपुर और करमागढ़ की पहाड़ी गुफाओं में आदि मानवों द्वारा हजारों वर्ष पहले उकेरे गए शैल चित्रों का भी गहन अध्ययन किया था।

पंडित लोचन प्रसाद पांडेय को वर्ष 1948 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा अपने मेरठ अधिवेशन में 'साहित्य वाचस्पति ' की उपाधि से सम्मानित किया था। इसके पहले ओड़िशा की तत्कालीन बामुंडा रियासत के नरेश ने उन्हें वर्ष 1912 में 'काव्य विनोद ' की उपाधि से विभूषित किया। प्रांतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन गोंदिया में उन्हें 'रजत मंजूषा ' से नवाज़ा गया।

गांव की कहानीः कमलेश यादव

## खल वाटिका के कारण नाम पड़ा खल्लारी



छत्तीसगढ़ की प्राचीन नगरी में से एक खल्लारी है। माना जाता है कि यह हैहयवंश राजा हरिब्रम्हदेव के समय राजधानी थी। यह स्थल राजधानी रायपुर से लगभग 90 कि मी दूर महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखंड में है। इस नगरी को धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। यहां महाभारत काल के अनेक प्रमाण आज भी देखे जा सकते हैं। यहां के प्राचीन स्थलों में अधिकतर नाम महाभारत के पात्रों पर रखे गए हैं। प्राप्त अभिलेख के अनुसार इस स्थल का नाम खल वाटिका रहा है। यहां विश्व प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर है। इसके साथ ही भीमपांव, प्राचीन किले के अवशेष, सतीचौरा, लखेश्वरी गुड़ी दर्शनीय है। पहले यहां तालाबों की अधिकता थी, लेकिन धीरे धीरे इसका अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है। आसपास का वातावरण पहाड़ी से युक्त तथा वनों से आच्छादित होने के कारण हरे भरे और रमणीय लगते हैं। पर्यटक वर्ष भर इस सौंदर्य और दर्शनीय का आनंद लेने पहुंचते रहते हैं।

चिन्हारी

बद्री प्रसाद पारकर

## नई दिखय अब टेड़ा पाटी

पहली के बेरा म सियान मन निस्तारी के सबो व्यवस्था कुंआ ले करत रिहिन। पानी के पूर्ति घर के कुंआ ले हो जात रिहिस। ऐसने बारी बखरी लगाए त जादा मात्रा में पानी के जरूरत खातिर टेड़ा पाटी के उपयोग करत रिहिन।

टेड़ा पाटी बनाए बर एक ठन लकड़ी के खंभा कुंआ के पार म गड़ा देत रहिन। ओहि खंभा में एक ठक लंबा बांस फंसा देत रिहिन। बांस के एक हिस्सा कुंआ के बाहीर निकले रहाय। बाहिर के निचले हिस्सा म भार ज्यादा ले जादा दे जाय। एकर ले पानी निकाले बर सहूलियत होत रिहिस। नीचे कुंआ वाले हिस्सा म बाल्टी फसा दे जाय। जब पानी निकालना होय तब बा हिस्सा के भार ल हटाए ले बांस ह कुंआ भीतर जाय। बाल्टी ल पानी कर ले जाके भरे जाय। एकर ले जतका भार रहाय वोहा बांस म जाय। एमा फायदा होत रिहिस कि कमती बेरा में जादा पानी के उचित उपयोग हो जात रिहिस। बखरी बारी में साग भाजी में पानी पलोय बर ए साधन के उपयोग होत रीहिस।एक मंखे ले बुता हो जात रिहिस। आज ए टेड़ा पाटी देखे ल नि मिलय।

ये उपाय हा आज हमला बताथे कि पानी पहली बीस तीस फुट म पर्याप्त रहाय। पानी के कमी नी होत रिहिस।

येकरे संग संदेश देथे कि पर्यावरण के उचित दोहन नि होय ले पानी के स्तर खालहे जात हे। गर्मी में पानी के कमी महसूस करे जात हे। आधुनिक संसाधन ह घलव एकरे सेती फेल होवत हे।



लोक साहित्य

डा. अनसूया अग्रवाल

## छत्तीसगढ़ में बाल साहित्य लेखन का प्रारंभ

छत्तीसगढ़ में बाल साहित्य लेखन का प्रारंभ द्विवेदी युग से माना जा सकता है। प. शुक्लाल पाण्डेय द्वारा लिखित बाल पद्य पीयूष, बाल शिक्षण पहेली, छत्तीसगढ़ ग्राम्य गीत पुस्तकें बाल साहित्य लेखन/ कोष को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण रहे। पाण्डेय जी के समकालीन तथा कालांतर में जुड़े साहित्यकारों में लोचन प्रसाद पाण्डेय, गणेश राम मिश्र , डा. बलदेव प्रसाद मिश्र, कोदूराम दलित, लाला जगदलपुरी, नारायण लाल परमार, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी आदि की पुस्तकें बाल साहित्य की निधि हैं।

इनकी रचनाएं बाल मनोविज्ञान से संपकृत, सारगर्भित और सुसिंचित है। इन रचनाकारों ने बाल साहित्य सृजन को चुनौती भरा लेखन मानते हुए इस चुनौती का सामना पूरी दक्षता के साथ किया। परिणामतः इनके सृजन ने बच्चों के अंदर की जिज्ञासाओं को जन्म ही नहीं दिया अपितु शांत भी किया। आज बाल साहित्य लेखन निरन्तर वृद्धि कर रहा है। अनेक लेखक बाल साहित्य पर लेखन कर रहे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रख कर भी लेखन किया जा रहा है। बच्चों के अनुरूप पठनीय बनाने का प्रयास प्रारंभिक दौर से ही होता आ रहा है।बाल साहित्य पर अनेक पुस्तकों का प्रकाशन भी होता जा रहा है। इस तरह देखा जाय तो प्रारम्भ से लेकर आज बाल साहित्य लेखन नित नए आयाम स्थापित ही कर रहा है।



# रोहित और विराट इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बनाएंगे धांसू कीर्तिमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद एकदिवसीय सीरीज का नम्बर है। सीनियर प्लेयर्स अब वापस आ रहे हैं। रोहित शर्मा इस टीम की कप्तानी करते हुए नजर आने वाले हैं। उनके अलावा विराट कोहली, रविन्द्र जडेजा जैसे प्लेयर्स भी होंगे। रोहित शर्मा और विराट कोहली इस सीरीज में एक धाकड़ रिकॉर्ड के काफी करीब हैं। वह इसे हासिल करते हुए इतिहास में खुद का नाम दर्ज करा लेंगे।

### 134 रन बनाते ही रोहित रचेंगे इतिहास

रोहित शर्मा ने एक दिवसीय क्रिकेट में 10 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। इस मामले में वह पहले से ही दिग्गज भारतीयों की लिस्ट में शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उनके पास इतिहास रचने के लिए तीन मुकाबले हैं और वह ऐसा कर सकते हैं। एकदिवसीय क्रिकेट में रोहित शर्मा को 11 हजार रनों का आंकड़ा हासिल करने के लिए महज 134 रनों की दरकार है। वह पहले मैच में शतक जड़कर भी इसे हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा एक शतक और एक अर्धशतक मारकर भी इस कीर्तिमान को प्राप्त किया जा सकता है।



### वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | - 18426 रन |
| कुमार संगकारा | - 14234 रन |
| विराट कोहली | - 13906 रन |
| रिकी पोंटिंग | - 13704 रन |
| सनथ जयसूर्या | - 13430 रन |


### भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला वनडे | - 6 फरवरी, नागपुर |
| दूसरा वनडे | - 9 फरवरी, कटक |
| तीसरा वनडे | - 12 फरवरी, अहमदाबाद (नरेंद्र मोदी स्टेडियम) |

### कोहली सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने आमादा

भारत-इंग्लैंड के बीच वन डे सीरीज भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए बेहद खास होगी, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। अगर कोहली का बल्ला चला तो उनके पास 14000 वनडे रन पूरे करने का बढ़िया मौका है। वह इस मुकाम से सिर्फ 94 रन दूर हैं। अगर विराट कोहली यह उपलब्धि हासिल कर लेते हैं, तो सबसे तेज 283 पारियों में 14000 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी उनके नाम हो सकता है। अभी सबसे तेज 14 हजार रनों का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 350 पारियों में यह कमाल किया है। दूसरे नंबर पर कुमार संगकारा हैं, जिन्हें 378 पारियां लगी थीं। वहीं विराट कोहली 283 पारियों में 94 रन बनाकर सबसे तेज 14 हजार रन पूरे कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### अनमोल ने राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता

**देहरादून।** भारत की उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिला एकल फाइनल में शीर्ष वरीय अनुपमा उपाध्याय को सीधे गेम में हराकर स्वर्ण पदक जीता। एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रही हरियाणा की 18 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा को 21-16, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। अनमोल ने पिछले साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वह दिसंबर में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी। उन्होंने पिछले साल बेल्जियम और पोलिश इंटरनेशनल में खिताब जीते थे।

### मध्यप्रदेश, तेलंगाना बने बास्केटबॉल के चैम्पियन



**देहरादून।** मध्य प्रदेश और तेलंगाना ने मंगलवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों के दोनों वर्गों के फाइनल में केरल को हराकर क्रमशः पुरुष और महिला बास्केटबॉल तीन गुणा तीन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। मध्य प्रदेश ने केरल के खिलाफ पुरुष वर्ग के कड़े मुकाबले में 22-20 से जीत हासिल की, जबकि तमिलनाडु ने तेलंगाना को 21-16 से हराकर कांस्य पदक जीता। महिलाओं के फाइनल में तेलंगाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केरल पर 21-11 की जीत के साथ अपने खिताब का बचाव किया।

### शिलांग होगा आईएसएल का नया मैच स्थल

**शिलांग।** नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड और मुंबई सिटी एफसी के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले मैच के साथ ही इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शिलांग के रूप में नया मैच स्थल जुड़ जाएगा। नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड का यह घरेलू मैच होगा। गुवाहाटी स्थित नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड मुंबई सिटी के बाद 21 फरवरी को बेंगलुरू एफसी और आठ मार्च को ईस्ट बंगाल की मेजबानी भी इसी नए स्थान पर करेगा।

टी20 सीरीज जीतकर उत्साहित है भारतीय टीम

# भारत-इंग्लैंड वनडे में दिखाएंगे अपना दमखम 3 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला कल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 क्रिकेट में सीरीज समाप्त होने के बाद भारत और इंग्लैंड के बीच अब एकदिवसीय सीरीज के मैच खेले जाएंगे। चैम्पियंस ट्रॉफी के हिसाब से यह काफी अहम है। टीम इंडिया ने टी20 सीरीज में 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली थी। वनडे सीरीज में तीन मैच खेले जाने हैं। टीम इंडिया की कप्तानी अब तक सूर्यकुमार यादव के हाथों में थी लेकिन अब पुराने नाम वापस आ गए हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम मैदान पर उतरने वाली है। बता दें कि टीम इंडिया को यूएई में चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मैच खेलने हैं और इसकी तैयारी के हिसाब से सीरीज अहम है। पहला मुकाबला हर सीरीज के लिए खास होता है। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला वनडे भी कुछ उसी तरह रहने वाला है। जिस वेन्यू पर मैच होना है, वहां पांच साल से कोई एकदिवसीय मैच नहीं खेला गया है। यहां पिछले पांच सालों में टेस्ट मैच तो हुआ है लेकिन एकदिवसीय मैच नहीं खेला गया। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर मुकाबला खेला जाएगा। यहाँ 2019 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे खेला गया था।

■ पांच साल बाद नागपुर के विदर्भ स्टेडियम में खेला जाएगा एकदिवसीय मैच



### दोनों टीमों के मैच का आगाज 6 को

दोनों टीमों के बीच पहला वनडे मैच का आगाज 6 फरवरी को होगा। टी20 सीरीज के बाद कुछ दिनों का गैप रखा गया है। तीन दिनों के गैप के बाद पहला एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम में कई खिलाड़ी इस बार अलग दिखने वाले हैं।

### क्यों दोनों टीमों के लिए अहम सीरीज

इस सीरीज के बाद पाकिस्तान और यूएई में चैम्पियंस ट्रॉफी के मुकाबले होने हैं। भारतीय टीम दुबई में खेलेगी लेकिन इंग्लैंड की टीम को पाकिस्तान में खेलने जाना है। तैयारी के हिसाब से इस सीरीज से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। यही कारण है कि दोनों टीमों के लिए हर मैच अहम है।

### भारत का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने अब तक इंग्लैंड के खिलाफ कुल 107 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें से 58 में जीत दर्ज की है और 44 में हार का सामना किया है। इस बीच 2 मैच टाई रहे और 3 मैचों के कोई परिणाम नहीं निकल सके। अपने घर पर खेलते हुए भारत ने इंग्लैंड को 34 वनडे में हराया है और 17 में हार झेली है। अब तक दोनों देशों के बीच 21 द्विपक्षीय वनडे सीरीज खेली गई है, जिसमें से भारतीय टीम ने 10 में जीत दर्ज की है और 8 में शिकस्त झेली है। इस बीच 3 वनडे सीरीज ड्रॉ भी रही है। अपने घर पर खेलते हुए भारतीय टीम ने 7 सीरीज जीती है और सिर्फ एक सीरीज हारी है।

### भारत का रहा है अच्छा प्रदर्शन

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन वाले भारतीय महेंद्र सिंह धोनी हैं। उन्होंने 48 वनडे मैचों में 46.84 की औसत से 1,546 रन (शतक- 1) बनाए हैं। मौजूदा भारतीय टीम से विराट कोहली ने 1,340 रन (औसत- 41.87) और रोहित शर्मा ने 724 रन (औसत- 48.26) बनाए हैं। गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ 24.41 की औसत से 39 विकेट लिए हैं। मोहम्मद शमी ने 22.60 की औसत से 25 विकेट चटकाए हैं।

### इंग्लैंड के इन खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन

भारत के विरुद्ध इंग्लैंड की ओर से वनडे में सर्वाधिक रन इयान बेल ने बनाए थे। उन्होंने 31 वनडे में 43.07 की औसत से 1,163 रन बनाए हैं। जो रूट ने 43.47 की औसत से 739 रन (शतक- 3 और अर्धशतक- 3) बनाए हैं। गेंदबाजी में जेम्स एंडरसन ने भारत के विरुद्ध 33.52 की औसत से 40 विकेट लिए थे। क्रिस वोक्स ने 13 वनडे में 34.36 की औसत से 19 विकेट लिए हैं।

क्रिकेट

# दिमुथ करुणारत्ने लेंगे संन्यास
## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे आखिरी मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 6 फरवरी से शुरू होने वाला सीरीज का दूसरा टेस्ट, उनके करियर का आखिरी मैच साबित होगा। साल 2012 में अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले करुणारत्ने ने अब तक 99 टेस्ट खेले हैं और वह 100 टेस्ट के साथ ही इस प्रारूप को भी अलविदा कह देंगे।

### 100 टेस्ट के साथ क्रिकेट से संन्यास लेना सुखद

करुणारत्ने ने यह फैसला मैथ्यूज और दिनेश चांदीमल जैसे अनुभवी साथ खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद लिया। उन्होंने खुलासा किया कि उनका लक्ष्य टेस्ट में 10,000 रन बनाने का था, लेकिन उन्होंने जो हासिल किया, वह उससे संतुष्ट है। करुणारत्ने ने कहा, मैंने अब तक जो हासिल किया है, उससे मैं खुश हूं। मैं अपने संन्यास की घोषणा 100वें टेस्ट मैच जैसे सुखद क्षण के साथ करना चाहता हूं। करुणारत्ने ने आगे कहा, जब मैं संन्यास ले लूंगा, तो मैं पीछे मुड़कर देखूंगा और संतुष्ट होऊंगा कि मैंने अपने देश के लिए 100 टेस्ट मैच खेले हैं। कई खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन इनमें से चुनिंदा ही 100 टेस्ट मैच खेल पाते हैं।

### शानदार रहा है करुणारत्ने का करियर

करुणारत्ने ने अपने टेस्ट क्रिकेट करियर में 99 मैच की 189 पारियों में लगभग 40 की औसत के साथ 7,172 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 244 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 16 शतक और 39 अर्धशतक भी लगाए हैं। वह इस प्रारूप में श्रीलंका की ओर से 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे ज्यादा रन वाले श्रीलंकाइयों में पूर्व कप्तान कुमार संगाकारा, महेला जयवर्धने, सनथ जयसूर्या और एंजेलो मैथ्यूज शामिल हैं।

# वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक ठोकने वाले धुरंधरों में नंबर-1 पर 24 साल का हीरो

एजेंसी नई दिल्ली

भारत- इंग्लैंड के बीच होने वाली वनडे सीरीज में फैंस किसी ना किसी खिलाड़ी से बड़ी पारी यानी दोहरे शतक की उम्मीद कर रहे हैं। वैसे तो वनडे क्रिकेट में कई बल्लेबाजों ने दोहरे शतक लगाए हैं, लेकिन सबसे तेज दोहरा शतक का रिकॉर्ड एक भारतीय बल्लेबाज के नाम है। अगर आप सोच रहे हैं कि यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम होगा, तो ऐसा नहीं है। भले ही रोहित ने वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 3 दोहरे शतक लगाए हैं, लेकिन वह भी सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज नहीं बन सके।



### ईशान किशन ने किया यह कमाल

सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का कारनामा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने किया है। ईशान किशन ने साल 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ चट्टोग्राम में खेले गए एक मैच में यह रिकॉर्ड बनाया था। उस समय उनकी उम्र महज 24 साल की थी। भारत के लिए ओपनिंग करते हुए उन्होंने सिर्फ 126 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया।और वर्ल्ड क्रिकेट में तहलका मचा दिया था।

### सबसे तेज दोहरा शतक

| | |
|---|---|
| ईशान किशन | - 126 गेंद (बनाम बांग्लादेश, 2022) |
| ग्लेन मैक्सवेल | - 128 गेंद (बनाम अफगानिस्तान, 2023) |
| पथुम निसांका | - 136 गेंद (बनाम अफगानिस्तान, 2024) |
| क्रिस गेल | - 138 गेंद (बनाम जिम्बाब्वे, 2015) |
| वीरेंद्र सहवाग | - 140 गेंद (बनाम वेस्टइंडीज, 2011) |
| शुभमन गिल | - 145 गेंद (बनाम न्यूजीलैंड, 2023) |
| सचिन तेंदुलकर | - 147 गेंद (बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2010) |
| फखर जमान | - 148 गेंद (बनाम जिम्बाब्वे, 2018) |
| रोहित शर्मा | - 151 गेंद (बनाम श्रीलंका, 2014) |
| रोहित शर्मा | - 151 गेंद (बनाम श्रीलंका, 2017) |

# मिनटों में ही सोल्ड हो गए भारत-पाक मैच के टिकट

एजेंसी नई दिल्ली

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले के लिए 3 फरवरी से टिकट बिक्री शुरू हुई थी। टिकट सेल के लिए विंडो ओपन होते ही कुछ ही मिनट में सारे टिकट सोल्ड आउट हो गए। भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का यह मुकाबला दुबई इंटरेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 23 फरवरी को खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरूआत 19 फरवरी से होने जा रहा है।

### भारत-पाकिस्तान के बीच दुबई में होगा मुकाबला



भारत बनाम पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का ब्लॉकबस्टर मुकाबला एक तरह से टूर्नामेंट के फाइनल से भी बड़ा मैच है। चैंपियंस ट्रॉफी में दुनियाभर के क्रिकेट फैंस को सबसे ज्यादा इंतजार भारत-पाकिस्तान के महामुकाबले का है, जो कि 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा।

### स्टेडियम की दर्शक क्षमता 25000

बता दें कि दुबई स्थित दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की दर्शक क्षमता 25000 हैं, लेकिन भारत बनाम पाकिस्तान मैच के सभी टिकट बिक चुके हैं। बता दें कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है। साल 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को फाइनल में पाकिस्तान ने हराकर खिताबी जीत




# सूर्यकुमार-दुबे रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए मुंबई की टीम में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे को हरियाणा के खिलाफ आठ फरवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए मुंबई की 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

सूर्यकुमार और दुबे दोनों ही इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच मैच की टी20 श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा थे। इन दोनों ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में 42 बार के चैंपियन मुंबई की तरफ से एक-एक मैच खेला है। मुंबई ने मेघालय को पारी और 456 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मुंबई की टीम हरियाणा के



खिलाफ अपना क्वार्टर फाइनल मैच रोहतक के लाहली स्थित चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी। मुंबई ने हर्ष तन्ना के रूप में अपनी टीम में एक नया चेहरा भी शामिल किया है। हर्ष ने अभी तक चार लिस्ट ए मैच खेले हैं।

# 3 रुपए का भोज! न दहेज... न ही दावत, खुद खाना पकाकर लाते हैं बाराती

**नई दिल्ली।** आजकल देखा जाता है कि शादी विवाह में लोग खूब पैसा उड़ाते हैं। वधू पक्ष की ओर से अच्छा खासा खाने का इंतजाम किया जाता है। एक से बढ़कर एक पकवान पकाए जाते हैं, लेकिन आदिवासी समाज में एक अनोखा तरीका है।



आदिवासी समाज में वधू पक्ष पर किसी भी तरह के भोज या फिर बारातियों के स्वागत में खाने के इंतजाम का प्रेशर नहीं रहता। कई बार तो ऐसा होता है कि अगर वधू पक्ष असमर्थ है तो बाराती खुद अपना खाना लेकर आते हैं।

**वधू पक्ष पर बरातियों को भोज खिलाने का नहीं होता जिम्मा :** आदिवासी समाज में महिलाओं को काफी सम्मान दिया गया है। वधू पक्ष के ऊपर किसी तरह का कोई दबाव न पड़े और उनको किसी भी कीमत में तकलीफ न पहुंचे इसी कारण से ऐसा किया जाता है। संताल देसमांझी के प्रमुख सलाहकार सुनील हेंब्रम ने बताया कि शादी-ब्याह में दहेज तो छोड़िए, वधू पक्ष के लोगों पर बारातियों को भोज खिलाने का भी जिम्मा नहीं होता।


## भोज की बाध्यता नहीं

वधू पक्ष ने यदि तीन रुपए का भोज देना स्वीकार किया तो इसका मतलब ये निकला कि कन्या पक्ष बारातियों को कुछ खिला नहीं सकता। तब वर पक्ष ही भोजन की व्यवस्था करेगा। बाराती अपना भोजन खुद लेकर जाएंगे। यदि वधू पक्ष ने पांच रुपए का भोज स्वीकार किया, तो बारातियों को एक समय खाना खिलाया जाएगा। जो वधू पक्ष अमीर हैं और बारातियों को भोजन कराना चाहते हैं, तब 16 रुपए का भोज स्वीकार करते हैं। इसके तहत वधू पक्ष ही पूरी व्यवस्था करता है। उन्होंने बताया कि वधू पक्ष पर भोज की बाध्यता नहीं है।

## चबाया हुआ च्युइंग गम बेचती है लड़की, कमाए 75 हजार रुपए

**ब्रासीलिया।** ब्राजील की मॉडल और कंटेंट क्रिएटर काइन चैन इन दिनों अपने अजीबोगरीब बिजनेस की वजह से चर्चा में हैं। इस लड़की ने पैसे कमाने का ऐसा तरीका खोजा, जिसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता। ये अपना चबाया हुआ च्युइंग गम मर्दों को बेचकर पैसे कमा रही है। अब तक लड़की ने 75 हजार रुपए तक अपने अजीबोगरीब बिजनेस से कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि इस बिजनेस का आइडिया उन्हें तब आया जब उनके एक फॉलोअर ने उन्हें मैसेज कर एक विचित्र मांग की। उसने काइन से उनका चबाया हुआ च्युइंग गम मांगा और बदले में मोटी रकम देने की इच्छा जाहिर की। फैन ने कहा कि वो च्युइंग गम के बदले पैसे देगा। उन्हें उसे च्युइंग गम और एक नोट लिखकर भेजना होगा, जिससे ये तय हो सके कि च्युइंग गम उन्होंने ही भेजा है। इस वजह से उन्होंने पूरी प्रक्रिया को वीडियो में रिकॉर्ड कर लिया।

# ये है दुनिया की सबसे महंगी गाय, कीमत 10-20 करोड़ नहीं, बल्कि इतने में तो 50 घोड़े आ जाएं!



**ब्रासीलिया।** क्या आप यकीन कर सकते हैं कि एक गाय की कीमत करोड़ों रुपये हो सकती है? यह कोई मजाक नहीं, बल्कि सच्चाई है! ब्राजील में 'वियटिना-19' नाम की एक नेलोर गाय को 4 मिलियन डॉलर (करीब 33 करोड़ रुपए) में बेचा गया है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर यह गाय इतनी महंगी क्यों है?

**गायों की अनोखी दुनिया और महंगी नस्लें :** गायें सिर्फ दूध देने के लिए ही नहीं होतीं, बल्कि कुछ खास नस्लों की कीमत उनके असाधारण गुणों के कारण बहुत ज्यादा होती है। दुनिया में ऐसी कई नस्लें हैं जो अपनी अनूठी विशेषताओं की वजह से लाखों-करोड़ों में बिकती हैं। जापान की वाग्यू और भारत की ब्राह्मण गायें इसकी बेहतरीन मिसाल हैं। ये गायें गर्मी में भी आसानी से जी सकती हैं और इनकी नस्ल बहुत ही शुद्ध मानी जाती है।

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

'वियटिना-19' सिर्फ सबसे महंगी गाय ही नहीं, बल्कि यह खूबसूरती के मामले में भी अव्वल है। इसने 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' में अपना नाम दर्ज कराया है और 'चैंपियंस ऑफ द वर्ल्ड' प्रतियोगिता में 'मिस साउथ अमेरिका' का खिताब भी जीता है। इसकी सफेद, चमकदार त्वचा, लचीली चमड़ी और उभरा हुआ कूबड़ इसे और भी खास बनाते हैं। इन विशेषताओं की वजह से यह गर्म इलाकों में ज्यादा आसानी से रह सकती है और मजबूत भी बनी रहती है।














हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com